



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 109 | कोरबा, रविवार, दिनांक 18 जनवरी 2026 डाक 19 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का देहरादून पहुंचने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



**देश-विदेश**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का सिलसिला जारी, दो और हिंदुओं की हत्या




**फीचर पेज**

ब्लेजर पहनते समय न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक




## चीन-पाकिस्तान की दोस्ती का तोड़ है चाबहार पोर्ट, ऐसे ही नहीं छोड़ सकता भारत, भारत की अमेरिकी प्रतिबंधों पर दो टूक

**नईदिल्ली 18 जनवरी [एजेंसी]।**



भारत ने संकेत दिया कि वह ईरान के चाबहार बंदरगाह से पीछे नहीं हटेगा। भारत ने इस प्रोजेक्ट के रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक महत्व पर जोर दिया। दरअसल चाबहार पोर्ट के ऑपरेशंस को कवर करने वाली अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट 26 अप्रैल को खत्म होने वाली है। इसी बीच ये मामला चर्चा में है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत चाबहार पोर्ट पर ऑपरेशंस जारी रखने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। MEA के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक 28 अक्टूबर, 2025 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने 26 अप्रैल, 2026 तक वैध सशर्त प्रतिबंधों में छूट दिशानिर्देश जारी किए थे। भारत के चाबहार पोर्ट पर अपने ऑपरेशंस जारी रखने के पीछे वहां का भूगोल है। ईरान के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित चाबहार भारत का एकमात्र पश्चिमी समुद्री गलियारा है, जो पाकिस्तान को बाईपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधा एक्सेस प्रोवाइड करता है, जिसके जमीनी रास्ते भारतीय व्यापार के लिए काफी हद तक बंद हैं।दशकों से, पाकिस्तान के प्रमुख क्रॉसिंग पर नियंत्रण के कारण भारत को अफगानिस्तान में सामान भेजने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा था। चाबहार उस बाधा को दूर करता है, जो एक समुद्री रास्ता प्रोवाइड करता है, जो क्षेत्रीय चोकपॉइंट और राजनीतिक बाधाओं से भी बचाता है। चाबहार इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के लिए भी सेंट्रल है, जो समुद्र, सड़क और रेल लिंक के कॉम्बिनेशन के जरिए भारत को ईरान, रूस और यूरोप से जोड़ने वाला एक मल्टी-मोडल नेटवर्क है। यह कॉरिडोर स्वेज नहर के रास्ते पारंपरिक रूट की तुलना में ट्रांजिट टाइम और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करता है, जिससे यूरेशियन बाजारों के साथ भारत का इंटीग्रेशन मजबूत होने की उम्मीद है। व्यापार के अलावा, इस बंदरगाह का एनर्जी के लिहाज से भी काफी महत्व है। यह ईरान और सेंट्रल एशिया से आयात के लिए एक जरिया बन सकता है, जिससे भारत को सप्लाई रूट में विविधता लाने और लंबे या राजनीतिक रूप से संवेदनशील शिपिंग लेन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। चाबहार पोर्ट को चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत पाकिस्तान में चीन समर्थित ग्वादर बंदरगाह के मुकाबले एक बैलेंस बनाने वाला कदम माना जाता है। चाबहार में अपनी मौजूदगी बनाए रखने से भारत क्षेत्रीय समुद्री कनेक्टिविटी में अपना प्रभाव बनाए रख सकता है। इस बंदरगाह की उपयोगिता सिर्फ रणनीतिक नहीं है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के रथ को संगम जाने से रोका, साधुओं से पुलिस की धक्का-मुक्की





**प्रयागराज, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

मौनी अमावस्या के मौके पर संगम स्नान करने जा रहे ज्योतिष्ठ पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के रथ को पुलिस प्रशासने संगम तक जाने से रोक दिया। उनके रथ और जुलूस को रास्ते में रोक दिया गया। इसको लेकर शंकराचार्य के समर्थक साधु संतों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हो गई। शंकराचार्य ने पुलिस और मेला प्रशासन पर मनमानी और तानाशाही करने का आरोप लगाया गया। घटना के चलते संगम पर अफरातफरी का माहौल रहा।

पुलिस से झड़प की सूचना वायरलेस पर प्रसारित होने के बाद बड़ी संख्या में अधिकारी मय फोर्स संगम तट पर पहुंच गए। पुलिस ने अविमुक्तेश्वरानंद को रथ से नीचे नहीं उतरने दिया। कहा कि जुलूस के साथ संगम तट त जाने की अनुमति नहीं है। पांच लोगों के साथ जाकर स्नान करें। इस पर शंकराचार्य ने आपत्ति जाहिर की और पुलिस प्रशासन के रवैये को मनमाना बताया। घटना के बाद देखते ही देखते पूरा संगम क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, मेलाधिकारी ऋषिराज आदि अधिकारी पहुंच गए। पुलिस से झड़प के बाद शंकराचार्य के समर्थक 20 से अधिक साधु हिरासत में ले लिए गए हैं। संगम के घाटों पर स्नान चल रहा है। शंकराचार्य संगम के पहले ही समर्थकों के साथ बैठ गए हैं। शंकाराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम स्नान से रोकने पर समर्थकों का गुस्का फूट पड़ा है। बड़ी संख्या में समर्थक संगम के लिए कूच कर दिए हैं। बवाल बढ़ने की आशंका पर पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

शंकाचार्य के समर्थकों ने पांटून पुल संख्या चार के पास तोड़फोड़ की। बैरिकेडिंग आदि को तोड़ दिया गया। शंकराचार्य अविमक्तेश्वरानंद सरस्वती का रथ रोकने के चलते संगम पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। पुलिस शंकराचार्य को समझाने बुझाने में जुटी है। शंकराचार्य के समर्थकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## हाईवे पर धुंध का कहर, ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉली टक्कर में दो की मौत और 7 घायल



**जालंधर।** जालंधर-भोगपुर हाईवे पर किशनगढ़ चौक के पास सुबह घनी धुंध के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। संगत लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद दोनों वाहन सर्विस लाइन पर पलट गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। मृतकों की पहचान आदमपुर के गांव अर्जुनबाल के रहने वाले परमिंदर पाल और एक अज्ञात व्यक्ति के रूप में हुई है। हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इंटेलिजेंस ने बांग्लादेशी, खालिस्तानी संगठनों से आतंकी खतरे का अलर्ट जारी किया



**नई दिल्ली।** इंटेलिजेंस एजेंसियों ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह से पहले हाई अलर्ट जारी किया है, जिसमें दिल्ली और दूसरे बड़े शहरों में संभावित आतंकी हमलों की चेतावनी दी गई है। बताया जा रहा है कि यह अलर्ट पिछले सालों के मुकाबले ज़्यादा गंभीर है। इंटेलिजेंस इनपुट के मुताबिक, खालिस्तानी आतंकवादी संगठन और बांग्लादेश से जुड़े कुछ आतंकी ग्रुप गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए हमले करने की कोशिश कर सकते हैं। एजेंसियों ने विदेश में बैठे हैंडलर्स और भारत में काम कर रहे क्रिमिनल नेटवर्क के बीच बढ़ते तालमेल पर चिंता जताई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब के कई गैंगस्टर अब विदेश में बैठे खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलर्स के इशारे पर काम कर रहे हैं। ये लोग अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संगठित अपराध नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन रहे हैं।

## भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद, बोले पीएम मोदी, एलिवेटेड कॉरिडोर का किया भूमिपूजन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को 6,957 करोड़ के काजीरंगा नेशनल पार्क में 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। जनसभा को भी संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज फिर काजीरंगा आने का सौभाग्य मिला है। ऐसे में मुझे अपनी पिछली यात्रा याद आना बहुत स्वाभाविक है। दो वर्ष पहले काजीरंगा में बिताए गए पल मेरे जीवन के बहुत खास अनुभवों में शामिल हैं। मुझे काजीरंगा नेशनल पार्क में रात्रि विश्राम का अवसर मिला था और अगले दिन एलिफेंट सफारी के दौरान मैंने इस क्षेत्र की सुंदरता को बहुत करीब से महसूस किया था। मुझे हमेशा असम आकर एक अलग ही खुशी मिलती है। उन्होंने कहा मैं पूरे देश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को बधाई देता हूं। कल से मैं देख रहा हूं कि बोड़ो परंपरा का यह शानदार नृत्य सोशल मीडिया पर कितना लोकप्रिय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ युवा कलाकारों को देखा, जो उनके हाथ से बनाए गए चित्र और स्केच दिखा रहे थे। पीएम मोदी ने यह देखकर अपनी बात रोक दी और कहा- यहां कुछ दोस्त चित्र लेकर आए हैं और ऐसे खड़े हैं, उन्हें थकान होगी। कृपया इन्हें भेज दें, मैं अब इन्हें ले लूंगा। अगर पीछे आपका पता लिखा है, तो मेरा पत्र जरूर आप तक पहुंचेगा। संबोधन दोबारा शुरू करते हुए कहा आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन गई है। बीते एक-डेढ़ वर्षों से भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिहार में चुनाव हुए, वहां 20 वर्ष बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट दिए हैं और रिकॉर्ड सीटें जिताई हैं।


न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥

चतुर्थ पुण्यतिथि

माँ धर्मः माँ स्वर्गः माँ हि परम तपः

हे माँ! यद्यपि आप आज हमारे बीच नहीं हैं और आपका नश्वर शरीर चार वर्ष पूर्व 18 जनवरी 2022 माघ कृष्ण प्रतिपदा विक्रम संवत : 2078 को इह संसार को और हम सबको छोड़कर देवलोक गमन कर गया था, लेकिन आपके द्वारा दिया हुआ दुलार और संस्कार तथा सेवा भावी व्यक्तित्व और कृतित्व हम सबको प्रेरणा देता रहेगा...।

आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर अश्रु तो नहीं रूक रहें हैं लेकिन प्रकृति के सामने हम नतमस्तक हैं। आपके श्रीचरणों में हमारा शत् शत् नमन् एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि ...

आपकी प्रेरणा हमारा संबल है...

चतुर्थ पुण्यतिथि पर आपको शत् शत् नमन...



स्व. श्रीमती लक्ष्मीदेवी अग्रवाल जी
स्वर्गारोहण : 18 जनवरी 2022

शोकाकुल
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ, तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन

ॐ शांति

विनीत
राजबीर प्रसाद अग्रवाल
राजकुमार अग्रवाल
भगवान दास अग्रवाल

फर्म :
सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
आद्या फ्युल्स, छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स- लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

## ट्रक चालक से लूटपाट के कथित आरोपियों को कुसमुंडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम कुसमुंडा क्षेत्र में रात के अंधेरे में ट्रक चालक से चाकू की नोक पर 8 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटने वाले दो वाहन सवार कथित आरोपियों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया हैं। बताया जा रहा हैं की गिरफ्तार व्यक्तियो में से से एक नाबालिग और दूसरा बालिग है।जानकारी के अनुसार पीड़ित चालक ने वाहन पार्क कर नीचे उतरते ही हमले का शिकार हो गया था। शिकायत पर कुसमुंडा पुलिस ने फौरन कार्यवाही की और कथित आरोपियों से 5200 रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर ने बताया कि प्रार्थी की शिकायत पर गंभीरता से लेते हुए कुछ ही घंटों में दोनों को पकड़ लिया गया। आगे की जांच जारी है।

## टीपी नगर में गिरे मोबाइल को यातायात पुलिस ने मालिक को लौटाया

**कोरबा।** कोरबा जिला यातायात पुलिस ने टी.पी. नगर क्षेत्र में एक मोबाइल किसी व्यक्ति का गिर गया था, इसी दौरान ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ आशीष साहू की नजर मोबाइल पर पड़ी। आशीष साहू ने मोबाइल को अपने पास रख लिया। मोबाइल की सूचना आशीष ने अपने उच्च अधिकारियों को दी कुछ देर बाद पता चला कि मोबाइल मानिकपुर निवासी कुमार प्रसाद साहू पिता गांधी साहू का है। कुमार साहू को ससम्मान यातायात पुलिस ने टीपी नगर चौक पर बुलाया और मोबाइल को उसके हवाले कर दिया। कुमार साहू ने भी यातायात पुलिस को दिल से धन्यवाद कहा।

## बिजली दर फिर से बढ़ाने की तैयारी उपभोक्ताओं की जेब होगी खाली

**कोरबा ।** बिजली संयंत्रों को एफजीडी मानकों में छूट, जीएसटी सुधार से कोयला पर सेस हटाने पर भी बिजली दरें कम नहीं होगी। वितरण कंपनी ने लगभग 6 करोड़ रुपए घाटा बताकर विद्युत नियामक आयोग के पास याचिका दाखिल कर दरें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। इससे बिजली उपभोक्ताओं की उम्मीदों को झटका लगा है। पिछले साल दो बार वितरण कंपनी ने घाटा बताकर आयोग से स्वीकृति प्राप्त कर बिजली की दरें बढ़ाई। इस बीच घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाले हाफ बिजली बिल योजना को भी कम खपत करने वालों तक सीमित कर दिया। पहले सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल की हाफ योजना का लाभ मिला, लेकिन अब महीने में 100 यूनिट बिजली की खपत पर ही इसका लाभ दिया गया। जिसे 200 यूनिट तक किया गया है। ताप आधारित संयंत्रों में बिजली उत्पादन के लिए कोयला जलाने से हानिकारक गैसों में से सल्फर डाई ऑक्साइड को अलग करने एफजीडी सिस्टम अनिवार्य किया था, लेकिन नए नियम में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के 10 किमी दायरे में लगे बिजली संयंत्रों को ही यह एफजीडी सिस्टम लगाना होगा। बिजली संयंत्रों में इन उपकरणों के इंस्टॉलेशन, संचालन व रखरखाव जैसे खर्च घट जाएंगे। साथ ही पिछले साल ही जीएसटी सुधार से कोयले पर कंपनसेशन सैस हटाया गया। कंपनसेशन सेस बिजली उत्पादन लागत में अहम मुद्दा है, क्योंकि इससे ईंधन की लागत में कमी से उत्पादन लागत में कमी संभव है। जीएसटी सुधार से कोयले पर सेस हटाने पर प्रति टन कोयले के दाम में कमी आना तय है। इससे बिजली बिल में राहत का उपभोक्ताओं को इंतजार था, लेकिन बिजली बिल की दरों में किसी तरह का संशोधन नहीं हुआ। इस बीच औसतन 24 प्रतिशत तक दरें बढ़ाने का सुझाव संबंधी याचिका लगाने से बिजली उपभोक्ताओं की उम्मीदों को झटका लगा है। बिजली कंपनी ने नया टैरिफ प्लान भी आयोग में जमा किया है।

## सात दुकानों से बिना लाइसेंस के खरीदे 338 क्विंटल धान जब्त

**कोरबा ।** कृषि उपज मंडी की टीम ने करतला ब्लॉक में 7 दुकानों से बिना लाइसेंस के खरीदे 338.40 क्विंटल धान को जब्त किया है। समर्थन मूल्य पर बिचौलिए खरीदी केंद्रों में धान की बिक्री न करें, इसके लिए ही छापामार कार्यवाही की जा रही है। करतला ब्लॉक में यह अब तक सबसे बड़ी कार्यवाही है। बिना मंडी लाइसेंस के धान की खरीदी नहीं की जा सकती। अब जब्त धान का 5 गुना जुर्माना देना होगा। किसानों से धान खरीदकर बिचौलिए केंद्रों में बेच देते हैं। इसे रोकने ही यह कार्यवाही की जा रही है।

## जिले की छात्रा प्रियांशी आयाम का 'छत्तीसगढ़ी ठुमका' डांस रियलिटी शो में हुआ चयन

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पहले डांस रियलिटी शो 'छत्तीसगढ़ी ठुमका' में कोरबा जिले की होनहार छात्रा ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर, दीपका की कक्षा 9वीं की छात्रा प्रियांशी आयाम का इस प्रतिष्ठित डांस रियलिटी शो के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे कोरबा जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार प्रियांशी आयाम आइडल डांस ग्रुप कोरबा की सक्रिय सदस्य हैं। उनके डांस ग्रुप ने कड़े ऑडिशन राउंड को पार करते हुए शो के अंतिम टॉप-20 प्रतिभागियों में अपनी जगह सुनिश्चित की है। राज्यभर से आए सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच टॉप-20 में चयन होना उनकी कड़ी मेहनत, लगन और नृत्य कौशल को दर्शाता है।

छात्रा की इस सफलता से विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्य ममता मनहर, संचालक आर.एस. मनहर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रियांशी आयाम और आइडल डांस ग्रुप कोरबा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का प्रोत्साहन मिलेगा।

## नाबालिगों से दुष्कर्म के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा ।** कोरबा पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्यार का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में दो कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक लापता शादीशुदा महिला को भी हैदराबाद से सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। प्रथम मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। जहा आरोप हैं की नैला निवासी एक व्यक्ति ने 16 वर्षीय नाबालिग से दोस्ती कर उसे प्यार और शादी का झांसा दिया। कथित आरोपी नाबालिग को कोरबा से भगाकर हैदराबाद ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने टीम बनाकर हैदराबाद भेजी, जहां से नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया। मामले के कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार कथित आरोपी रिश्तेदारों के घर आना-जाना करता था, इसी दौरान उसने नाबालिग को अपने झांसे में फंसाया। द्वितीय मामला भी मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है जहां एक शादीशुदा महिला अपने बच्चों के साथ लापता हो गई थी।

# सरकारी नौकरी का मोह त्याग स्वरोजगार से संवारी किस्मतः पीएम रोजगार सृजन योजना से आत्मनिर्भर बने आकाश डिक्सेना





**कोरबा।** जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुंगाडीह में रहने वाले किसान परिवार के बेटे आकाश कुमार डिक्सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कई वर्षों तक सरकारी नौकरी के लिए तैयारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। निराश होने के बजाय आकाश ने स्वरोजगार को अपना रास्ता बनाया और आज वे पूरी तरह आत्मनिर्भर बन चुके हैं।

आकाश ने स्कूल शिक्षा के बाद कॉलेज से एमए (इंग्लिश एवं संस्कृत) और बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने कुछ समय तक एक निजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य किया, लेकिन कम वेतन के कारण वे संतुष्ट नहीं थे। इसी दौरान उन्हें अखबार के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी मिली। योजना के बारे में जानकर उन्होंने स्वरोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े होने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत आकाश कुमार डिक्सेना ने बेकरी उद्योग स्थापित करने के लिए लगभग 11 लाख रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया। इस प्रोजेक्ट के तहत उन्हें बैंक से 9 लाख 90 हजार रुपये का वित्त पोषण प्राप्त हुआ। लोन मिलने के बाद उन्होंने अपने गांव में बेकरी उद्योग की शुरुआत की।

आज आकाश अपनी बेकरी में ब्रेड, क्रीम रोल, बिस्किट सहित अन्य बेकरी उत्पाद तैयार कर गांव में ही बिक्री करते हैं। उनके उत्पादों को ग्रामीणों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, जिससे उन्हें नियमित और स्थायी आमदनी हो रही है। इस बेकरी उद्योग के माध्यम से गांव के कुछ बेरोजगारों को भी रोजगार मिला है। उनके पिता और माता भी इस कार्य में निरंतर सहयोग कर रहे हैं।

आकाश कुमार डिक्सेना बताते हैं कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। वे प्रतिमाह लगभग 15,300 रुपये की किस्त नियमित रूप से जमा कर रहे हैं। आज वे गर्व के साथ कहते हैं कि इस योजना की बदौलत वे आत्मनिर्भर बने हैं और स्वरोजगार के जरिए अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे हैं।

## एसईसीएल को देश की नंबर 1 कोल कंपनी बनाने के लिए रिफ़ोर्म को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाना ज़रूरी : सीएमडी हरीश दुहन

### ऊर्जा के क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप कंपनी की भावी दिशा पर हुआ गहन मंथन

**कोरबा ।** ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के दृषिगत एसईसीएल में दिनांक 16 जनवरी को पहले चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।

इस चिंतन शिविर का उद्देश्य कंपनी की उपलब्धियों की समीक्षा करना, कमियों की पहचान करना तथा उत्पादन, डिस्पैच, सेफ्टी, कॉस्ट एफिशिएंसी, सस्टेनेबिलिटी और डिजिटाइजेशन को सुदृढ़ करने के लिए स्पष्ट एवं समयबद्ध एक्शन प्लान पर मंथन करना था।

इस अनूठी और दूरदर्शी पहल का नेतृत्व एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने किया। उनके साथ निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी) यो./परि. रमेश चन्द्र महापात्र की भी उपस्थिति रही। शिविर में मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों से लगभग 200 अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं ई-5 स्तर तक के युवा अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

इस अवसर पर सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल को हमें एक बार फिर देश की नंबर 1 कंपनी बनाना है और इसके लिए रिफॉर्म को एक नारे तक सीमित ना रखते हुए हमें इसे अपनी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। हमें स्पीड, टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंटरवेंशन के माध्यम से तेज़ निष्पादन और स्पष्ट एवं पारदर्शी निर्णय-प्रक्रिया पर फोकस करना होगा। उत्पादन की साथ-साथ हमें गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान देना होगा ताकि हम एक बेहतर कस्टमर-एक्सपिरियन्स दे सकें। कॉस्ट एफिशिएंसी के साथ रेवेन्यू जनरेशन पर लगातार काम करना भी आज की आवश्यकता है। विज़न 2030 और विज़न 2047 को ध्यान में रखते हुए डायवर्सिफिकेशन, नेट-ज़ीरो रोडमैप और इंडस्ट्री लिंकेज में हमें हमेशा एक कदम आगे रहना होगा। कंपनी के युवा अधिकारी कंपनी का भविष्य हैं और आप सभी को कंपनी के विज़न को साकार करने में तथा एसईसीएल को फ्यूचर-रेडी संस्था बनाने में अग्रणी भूमिका निभानी है।चिंतन शिविर के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा कुल 15 पीपीटी प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें वर्ष 2047 के लिए कंपनी की योजना, अंडरग्राउंड प्रोडक्शन प्लान, क्वालिटी कंट्रोल, डिस्पैच, एफ़एमसी, सेफ़्टी, भू-अधिग्रहण एवं पुनर्स्थापन, पर्यावरण एवं वन स्वीकृति, डिजिटाइजेशन/एआई का प्रयोग, मानव संसाधन, फाइनेंस, कांट्रैक्ट मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल रहे। प्रत्येक सत्र के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सीएमडी, सभी निदेशक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।खुले मंच पर विचार, सुझाव एवं नवाचारात्मक आइडियाज़ पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे टॉप-डाउन के साथ-साथ बॉटम-अप इनपुट्स को भी प्रोत्साहन मिला। हाल ही में कोयला मंत्रालय द्वारा 5ड्ड-6 जनवरी को नई दिल्ली में कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन के साथ आयोजित चिंतन शिविर में सामने आए प्रमुख बिंदुओं और दिशा-निर्देशों के आधार पर एसईसीएल में यह आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पहले सभी संचालन क्षेत्रों में आंतरिक स्तर पर शिविर का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत मुख्यालय स्तर पर समेकित चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

## एचटीपीएस ने विद्युतगृह विद्यालय के छात्रों का कराया सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग

**कोरबा ।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा-पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2ग660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ ग्रामो के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग कराया गया। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम के समीपस्थ 11 ग्रामो में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है। विद्युत गृह हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-02 दर्री में 15 एवं 16 जनवरी को दो दिवसीय सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। इसमें एचटीपीएस के समीपस्थ ग्राम नवागांव-कला, छिरहुट, अध्योध्यापुरी, रामनगर एवं राजीव नगर के विद्यालयीन छात्र लाभांवित हुए। यह आयोजन मुख्य अभियंता एच.के. सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एम.के. गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग द्वारा कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, महेश तुड्डु, नीतीश कुमार शामिल रहे। प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा के लिए विषय चयन, स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में जानकारी देते हुए लक्ष्य के अनुरूप तैयारी एवं व्यक्तित्व विकास के भी सुझाव दिए। इसके साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सिपेट की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसके साथ ही प्लास्टिक उत्पाद निर्माण तकनीक (इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो-मोल्डिंग इत्यादि) के अंतर्गत उत्पादक मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। कन्वेंशनल मशीनिंग व कप्यूटर न्यूमेरिक कण्ट्रोल मशीनिंग, लेजर इन्ग्रेविंग मशीन की कार्यप्रणाली को भी समझाया गया।

### मिलर्स जारी नहीं कर पा रहे गेट पास

## धान खरीदी अभियान में रीसाइक्लिंग रोकने उपार्जन केंद्र से धान के उठाव पर मार्कफेड ने लगा दी रोक

**कोरबा ।** धान खरीदी अभियान के अंतिम पखवाड़े तक शासन की अव्यवस्था पर रोक नहीं लग सकी हैं। कस्टम मिलिंग उपार्जन नीति के तहत जिले सहित प्रदेश के कई जिलों में धान की रीसाइक्लिंग के मामले सामने आने के बाद मार्कफेड ने समिति से उठाव कार्य पर रोक लगा दी है। मिलर मॉड्यूल में इसकी जानकारी पेज ओपन करते ही प्रदर्शित होने पर राइस मिलर्स समेत सहकारी समितियों की चिंता बढ़ गई है। वे ऑनलाइन गेट पास जारी नहीं होने पर किसी भी उपार्जन केंद्र में धान के उठाव के लिए वाहन नहीं पहुंच सके।

आकांक्षी जिला कोरबा में समितियों के ही उपार्जन केंद्रों में खरीदकर रखे गए 6 लाख 56 हजार 740.40 समर्थन मूल्य पर 151 करोड़ 5 लाख 2 हजार 920 रुपए का धान जाम पड़ गए हैं। जल्द जाम पड़े धान का उठाव नहीं किया गया तो धान के शार्टेज होने के साथ-साथ पर्याप्त जगह के अभाव में खरीदी प्रक्रिया बंद होने के आसार बढ़ जाएंगे। छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने से पूर्व ही उन्होंने किसान एवं महिला हित में कई कल्याणकारी आर्थिक सशक्तिकरण वाली कदम उठाए जाने की घोषणा की थी। सत्ता मिलने के बाद पार्टी की सरकार पर इन वादों को पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। जन घोषणा पत्र के इन वादों में किसानों का पूरा धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का संकल्प भी शामिल है। पिछले 2 साल से सरकार किसी तरह इन वादों पर खरा तो जरूर उतरी, लेकिन चालू खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में सरकार की सांसे फूलने लगी है। धान विक्रय करने किसानों का एग्रिस्टैक पोर्टल में पंजीयन से लेकर डिजिटल क्राप सर्वे (गिरदावरी) के बाद सत्यापन आदि के नाम पर टोकन की पेंच के बाद अब समिति स्तर पर खरीदे गए धान की राइस मिलर्स को डीओ जारी करने के बाद भी उठाव कार्य में रोक लगा दी गई है। इसके पीछे की वजह कुछ जिलों में धान के रीसाइक्लिंग के सामने आए मामले को लेकर उठाया गया कदम बताया जा रहा है,लेकिन अंतिम पखवाड़े में उठाए गए इस कदम से पूरे प्रदेश के उपार्जन केंद्रों में धान जाम होने के हालात निर्मित हो सकते हैं। हाथी प्रभावित ग्राम बरपाली (कोरबा) बरपाली (श्यांग), कुदमुरा, चचिया, सिरमिना, उतरदा , अखरापाली सहित 2 दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम पड़े हैं। धान के नियमित उठाव की स्थिति में ही शेष बचे किसानों के लिए धान बेचने की पर्याप्त जगह की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। लेकिन शासन स्तर पर परिवहन कार्य मे ही रोक लगाए जाने के निर्णय ने समितियों को एक बार फिर परेशानी में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार राइस मिलर्स जारी किए गए डीओ के आधार पर धान परिवहन कार्य के लिए नियोजित अपने वाहनों को ऑनलाइन गेट पास जारी करने के उपरांत ही उपार्जन केंद्र भेजते हैं। जिसमें वाहन का नंबर फोटो भी अटैच रहता है। उपार्जन केंद्र में खरीदी प्रभारी इसका मिलान कर उपार्जन केंद्र में वाहन की इंट्री का आवक पास जारी करता है, धान लोडिंग का कार्य पूरा होने के बाद फ़ोटो वीडियो ग्राफी के उपरांत जावक पास जारी करता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा-पूर्व में मातृ संगोष्ठी एवं शिशु नगरी का हुआ भव्य आयोजन

**कोरबा ।** सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी, कोरबा-पूर्व में मातृ संगोष्ठी एवं शिशु नगरी का भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकुमार देवांगन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक सोनी (कोरबा विभाग समन्वयक) एवं संजय कुमार देवांगन (प्रधानाचार्य, पूर्व माध्यमिक) उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक रीति से किया गया।अपने संबोधन में अतिथियों ने मातृशक्ति की भूमिका को बाल संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में माता का योगदान सबसे निर्णायक होता है। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने आकर्षक नृत्य, गीत एवं लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से पारिवारिक वातावरण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारों का संदेश दिया। बच्चों की सहज एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित माताओं एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में लगभग 220 मातृशक्तियों की गरिमामयी सहभागिता रही, जिससे मातृसंगोष्ठी अत्यंत सफल रही। माताओं ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, संस्कार आधारित शिक्षा एवं गतिविधियों की सराहना की। शिशु नगरी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं एवं सहयोगी संस्थाओं की जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, कौशल निर्माण, संस्कार शिक्षा एवं व्यवहारिक ज्ञान को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। अभिभावक बंधुओं के सहयोग से आनंद मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों, गतिविधियों एवं मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया। आनंद मेला बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य पंकज तिवारी ने सभी अतिथियों, मातृशक्तियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यालय एवं परिवार के बीच सहयोग और विश्वास और अधिक मजबूत होता है।

## अपर कलेक्टर से मिले फेडरेशन पदाधिकारी

**कोरबा।** छ. ग. कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन जिला कोरबा की ओर से संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल एवं कोरबा एसडीएम सरोज महिलांगे से सौजन्य भेंटकर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे के नेतृत्व में 10 सदस्यीय दल ने अधिकारी द्वय को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आकांक्षी जिला कोरबा के समग्र विकास के कारवां को आगे ले जाने में संगठन के सभी साथियों का अपेक्षित सतत सहयोग दिए जाने को लेकर आश्वस्त किया । साथ ही केंद्र के समान डीए दिए जाने की घोषणा को संगठन के सभी साथियों के समन्वित प्रयासों का प्रतिफल बताया। भेंट करने गए प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव ओमप्रकाश बघेल, छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ सचिव संघ के ब्लॉक सचिव परमानन्द राजवाड़े शामिल रहे।

## न्यू कोरबा अस्पताल में आयोजित 30 दिवसीय मेगा न्यूरो कैंप अंतर्गत 100 से अधिक लोग हुए लाभांवित

**कोरबा ।** कोरबा अंचल कोसाबाड़ी स्थित न्यू कोरबा अस्पताल में न्यूरो संबंधी मरीजों के लिए एक बड़ी और राहत भरी पहल शुरू की है। अस्पताल में 30 दिवसीय मेगा न्यूरो कैंप की शुरुआत की गई है, जो 31 जनवरी तक पूरे माह चलेगा। इस कैंप के तहत मरीजों को न्यूरो परामर्श नि:शुल्क एवं आवश्यक जांच में अधिकतम छूट उपलब्ध कराई जा रही है। मेगा कैंप में प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.




शिवानी प्रगदा एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनीष गोयल द्वारा प्रतिदिन नि:शुल्क ओपीडी सुबह 11 से 2 बजे तक व शाम 6 से 8 बजे तक परामर्श दिया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, न्यूरो केयर डिपार्टमेंट में सुविधाओं के विस्तार की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट, न्यूरोसर्जन के साथ न्यूरो साइकाइट्री की सुविधा भी जोड़ दी गई है, जिससे न्यूरो से संबंधित किसी भी आवश्यकता वाले मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अब सभी न्यूरो जांच, परामर्श, फिजियोथेरेपी और सर्जरी की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है, जो कोरबा जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में न्यूरो बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण मरीज समय पर डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते। अधिकांश मरीज तब अस्पताल आते हैं जब बीमारी गंभीर रूप ले चुकी होती है। ऐसे में इस तरह के मेगा कैंप समय पर जांच और उपचार के माध्यम से बीमारी को बढ़ने से रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत के मुख्य आतिथ्य में कटघोरा में आयोजित

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण व शहर के अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण व शहर के नव-नियुक्त अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 3.30 बजे अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरबा लोकसभा की सांसद माननीय ज्योत्सना महंत जी करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं निम्न की उपस्थिति में जिसमे संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस हरीश परसाई , पीसीसी महामंत्री प्रशांत मिश्रा, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा , छाया विधायक दुलेश्वरी सिदार , पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर उपस्थित रहेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष पाली सत्यनाराण पैकरा, ब्लॉक अध्यक्ष पोड़ी- उपरोड़ा भोला गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा ग्रामीण गोरेलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा शहर अशरफ मेमन, ब्लॉक अध्यक्ष दीपका दिलीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरदीबाजार कौशल श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष पसान जगतपाल आयाम,ब्लॉक अध्यक्ष बांकीमोंगरा संजय आजाद, ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा ग्रामीण इंजोर सिंह कंवर, ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा शहर पालूराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष करतला श्रवण राठिया, ब्लॉक अध्यक्ष बरपाली संतोष देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष दर्री-जमनीपाली राजेन्द्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, ब्लॉक अध्यक्ष ए डी जोशी उपस्थित रहेंगे।

## जिले के अजीत साहू फैशन जगत के बने 'बेस्ट रनवे वॉक ऑफ द ईयर 2026'

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए मॉडलिंग और फैशन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के उद्देश्य से आयोजित 'छत्तीसगढ़ नेक्स्ट सुपर मॉडल सीजन-5' में कोरबा जिले के अजीत साहू ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिलासपुर में आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता में अजीत साहू को उनकी शानदार चाल और आत्मविश्वास के लिए 'बेस्ट रनवे वॉक ऑफ द ईयर 2026' के खिताब से नवाजा गया है। केटीजी क्लब कटघोरा द्वारा प्रस्तुत इस शो का आयोजन लक्ष्मी गर्ग द्वारा किया गया, जबकि किरण ने शो डायरेक्टर के रूप में कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस प्रतिष्ठित फैशन शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबले के बीच अजीत साहू ने अपनी दमदार प्रस्तुति से जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान अजीत साहू का यूनिक कॉस्ट्यूम और रैंप पर चलने का उनका कॉन्फिडेंट अंदाज विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जजों ने उनके समग्र प्रदर्शन और मंच पर उनकी उपस्थिति को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए उन्हें इस वर्ष के बेस्ट रनवे वॉक के खिताब के लिए चुना। अजीत साहू की यह सफलता पहली नहीं है, हाल ही में उन्होंने 'सेंट्रल इंडिया 2026' का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम किया था। लगातार मिल रही इन सफलताओं से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे कोरबा जिले में गौरव का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के खेल और सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# बड़ों के अनुभव तथा आशीर्वाद लेकर पदाधिकारी करें संगठन का कार्य:चरणदास महंत

**पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए 5 विधायक एवं प्रबुद्ध जन**







**जांजगीर चांपा।** कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के पदभार ग्रहण समारोह में अनेक नेताओं ने शिरकत की। यह कार्यक्रम चांपा के गांधी भवन के पास स्थित मॉडर्न विलेज में आयोजित किया गया। यहां सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि बड़े बुजुर्गों का अनुभव तथा आशीर्वाद लेकर संगठन को चलने से मजबूती मिलती है। इससे सोचने समझने की शक्ति के अलावा लोगों को जोड़ने के लिए भी समझ आती है। उन्होंने कहा कि विरोधियों को भी सम्मान देने से वह अपने पक्ष में आ जाते हैं इसलिए सबको साथ लेकर चलने से संगठन बेहतर तरीके से चलाया जा सकता है। कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि संगठन चलाना कोई आसान काम नहीं है बल्कि यह कांटो भरा ताज है जिसे चलाने के लिए व्यक्ति को बड़ा हृदय रखने की आवश्यकता है ताकि संगठन को भली भांति मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व जिला अध्यक्ष ने कार्य किया है उनके कार्यों का अनुसरण करते हुए पार्टी हित में कार्य करना बेहतर होगा। अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने पदभार सौंपते हुए राजेश अग्रवाल को बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा एक लक्ष्य मानकर कार्य किया गया जिसमें सब के सहयोग से पार्टी को यहां सफलता मिली अगर यह सफलता पूरे प्रदेश में मिलती तो मुझे और अच्छा लगता। जांजगीर चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर से लेकर मजबूती प्रदान करने की जरूरत है तभी सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा एवं विरोधी दलों के उनके खुद के कार्यालय है ठीक उसी तरह अगर कांग्रेस कमेटी का भी अपना खुद का कार्यालय हो तो संगठन चलाने में आसानी होगी। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने कहा कि हम संगठन को मजबूत बनाएंगे तभी हमें विभिन्न पदों पर चुनाव जीतने में मदद मिलेगी क्योंकि संगठन में ही ताकत है। जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार जनता के पैसा का दुरुपयोग कर रही है तथा विपक्षी लोगों को फर्जी मामले में फंसा कर उन्हें जेल में डालने का काम कर रही है इसलिए हमें सत्ता में आने के लिए एकता की आवश्यकता है और कांग्रेस पार्टी के हित में हमेशा कार्य करने की जरूरत है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा जो जवाबदारी मुझे सौंप गई है उसे मैं तन मन धन से पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आप सभी नेताओं ने जो मेरे ऊपर विश्वास किए हैं उसे मैं हर हाल में कायम रखूंगा तथा संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता रहूंगा इसके लिए आप सबको मेरी ओर से आभार एवं धन्यवाद है।

इस मौके पर विधायक व्यास कश्यप द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्षों को शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर हर प्रसाद साहू, रफीक सिद्दीकी,ज्योति किशन कश्यप सहित अनेक वक्ताओं ने अपनी बातें रखी। इस मौके पर लक्ष्मण मुकीम,दिनेश शर्मा, रामकुमार पटेल, श्रीमती आशा देवी, बजरंग डीडवानिया, पवन मोदी, संदीप यादव, डॉ वी के अग्रवाल,लोचन साव,राधेलाल थवाईत, रमेश पैगवार,धीरेंद्र बाजपेई, भगवान दास गढ़वाल, जय कुमार थवाईत,कन्हैया लाल राठौर , अनिल मोदी, नीता थवाईत,बजरंग अग्रवाल महेश्वर टंडन, देव कुमार पाण्डेय, डॉ.परस शर्मा,अवधेश गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, दीपक गुप्ता, अंजुम अंसारी, गुलशन सोनी, रामविलास राठौर, रामलाल सहारे, रामदास वैष्णव, किशन सोनी, दिनेश पांडेय, मूलचंद खंडेलिया, शिशिर द्विवेदी, दिनेश महंत,आदि उपस्थित थे।

***राजेश अग्रवाल एवं पंकज शुक्ला के पदभार ग्रहण समझ में नहीं दिखे पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, चर्चा का रहा विषय।***

## रामविलास राठौर बने नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**जांजगीर चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा अपने संगठन में मजबूती प्रदान करने के लिए नए ब्लॉक अध्यक्षों की तथा शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी कड़ी में जांजगीर नैला नगर में युवा एवं सक्रिय नेता रामविलास राठौर को नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के सहमति पर जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि रामविलास राठौर के नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने से कांग्रेस में मजबूती आएगी। ज्ञात हो कि रामविलास राठौर विगत 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करते चले आ रहे हैं। वह कांग्रेस पार्टी से पार्षद बनकर वार्ड वासियों का भी सेवा करके नगर में खूब नाम कमाए हैं ।उनकी सक्रियता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उनके नाम को सुझाते हुए अपनी सहमति दीपक बैज को दी थी जिसके आधार पर उनकी यह नियुक्ति की गई है। रामविलास राठौर के नगर कांग्रेस कमेटी जांजगीर नैला के अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों द्वारा खुशी का इजहार किया जा रहा है उन्हें भारी उत्साह देखा जा रहा है। तथा उन्हें समर्थकों द्वारा खूब बधाइयां मिल रही है।

## धान खरीदी कार्य में लापरवाही पटवारी राठिया निलंबित

**सक्ती।** धान खरीदी के कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलंबित कर दियो गया है। पटवारी को सकर्रा एवं सोनादुला का नोडल अधिकारी बनाया गया था।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मानिटरिंग के लिए उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिला प्रशासन सक्ती द्वारा अनुविभाग मालखरौदा अंतर्गत समिति सकर्रा एवं सोनादुला में नोडल अधिकारी के रूप में हल्का पटवारी शेरसिंह राठिया को नियुक्त किया गया था। जिला प्रशासन की समीक्षा एवं जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित कर्मचारी ने न केवल भौतिक सत्यापन में लापरवाही बरती, बल्कि धान खरीदी से जुड़े टोकन सत्यापन में गंभीर अनियमितताएं बरतीं। जिला प्रशासन ने इस आचरण को स्वेच्छाचारिता,कर्तव्यहीनता एवं शासन के निर्देशों की उपेक्षा पाए जाने पर इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उप नियम 3 के अंतर्गत कदाचार माना है। फलस्वरूप, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उप नियम 9 के तहत शेरसिंह राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील अड़भार नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा है कि किसानों से जुड़े संवेदनशील कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, भ्रष्ट आचरण या प्रशासनिक शिथिलता पाए जाने पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अब धान खरीदी का अंतिम दौर चल रहा है। ऐसे में उपार्जन केन्द्रों में गड़बड़ी की संभावनाएं भी बढ़ गई है। कोचिएं और बिचौलियों का धान खपने से रोकने प्रशासन ने सभी को एलर्ट कर रखा है। ऐसे समय में नोडल अधिकारी द्वारा बरती गई लापरवाही पर कार्रवाई की गई है।

## बम्हनीडीह में रेत का अवैध उत्खनन पकड़ा गया जेसीबी और हाइवा

**टीम ने कार्रवाई कर डंप किए गए रेत को वापस डाला नदी में**



**जांजगीर चांपा।** बम्हनीडीह क्षेत्र में नदी का सीना चीरकर रेत की अवैध खुदाई की जा रही है। मशीन से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। साथ ही जगह जगह पर अवैध रेत की डंपिंग भी की जा रही है। खनिज विभाग की टीम ने बम्हनीडीह में दबिश देकर अवैध उत्खनन करते जेसीबी और हाइवा को जब्त किया है। वहीं नदी से निकाली गई रेत को वापस नदी में डलवाया गया है।

जिले के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मोर्चा संभाल लिया है। उनके सख्त रुख का ही नतीजा है कि खनिज विभाग की टीम ने बम्हनीडीह क्षेत्र में छापेमारी कर रेत के अवैध खेल को बेनकाब किया है। इस बड़ी कार्यवाही के दौरान प्रशासन ने रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक हाईवा और खनन में जुटी एक जेसीबी मशीन को रंगे हाथों पकड़कर जप्त कर लिया है। टीम ने जैसे ही दबिश दी, मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मशीनों को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 ख के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है। अवैध उत्खनन के विरूद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस सक्रियता ने आम जनता के बीच विश्वास जगाया है कि नियम सबके लिए समान हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में विभाग अब उन रूटों की भी पहचान कर रहा है जहां से चोरी-छिपे रेत निकाली जा रही है। जब्त किए गए वाहनों पर खनिजं अधिनियम के तहत कठोर जुर्माना और वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आने वाले दिनों में जिले के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच और कड़ी घेराबंदी देखने को मिल सकती है। बम्हनीडीह में हुई इस ताजा कार्यवाही ने उन रसूखदारों को कड़ा संदेश दिया है जो नियमों को ताक पर रखकर शासन को राजस्व की हानि पहुंचा रहे थे।

## शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** अपनी चार सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षकों ने शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कचहरी चौक के पास धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाली गई। इसके बाद एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों ने शनिवार 17 जनवरी को जांजगीर में प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फ्रेडरेशन के प्रान्ताध्यक्ष रविन्द्र राठौर व अन्य पदाधिकारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। धरना स्थल पर शिक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने और अन्य लंबितमांगों को पूरा करने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद तक इन वादों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरना प्रदर्शन के अब बाद शिक्षकों ने कचहरी चौक से रैली निकाली रैली के माध्यम से उन्होंने अपनी चार सूत्रीय मांगों कोप्रमुखता से उठाया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेतन विसंगति दूर करने, सेवा शर्तों में सुधार सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थी पिछले दिनों खेल विकास एवं प्रोत्साहन महासंघ भारत द्वारा नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल चेम्पियनशिप में शामिल हुए। स्कूल के विद्यार्थियों ने स्पर्धा में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम रौशन किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र शिवम कुमार साहू ने वॉलीबाल (अंडर 21) में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 वर्ग में कृष्णा पाण्डेय, सोहित झा एवं अपूर्व तिवारी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर 17 फुटबॉल में अंशराज सिन्हा ने सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग और खेल कौशल का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में प्रसन्नता का माहौल है। लायंस क्लब

शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन सहित कोच एवं शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन का परिणाम है। बच्चों के माता-पिता का भी योगदान इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा है। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोश कुमार सोनी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय शिक्षण समिति के अन्य सदस्यों सहित प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर घर में लगा दी आग, दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने से आक्रोशित दो युवको ने घर में आग लगाकर तोड़फोड़ की। साथ ही महिला से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। मामले में कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया ने सिटी कोतवाली थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जांजगीर में अपनी लड़की के साथ रहती है। वह 16 जनवरी को अपने निजी काम से मार्केट गई हुई थी। उसकी लड़की घर पर अकेली थी। इसी दौरान केरा रोड जांजगीरनिवासी 32 वर्षीय मोहनलाल राठौड़ और हसदेव विहार कालोनी निवासी 39 वर्षीय अमित यादव उसके घर पहुंचकर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर गाली-गलौज की गई, जिसे सुनकर आसपास के लोगों के द्वारा समझा कर मौके से भगाया गया। कुछ देर बाद पुनः दोनों दोपहर करीबन 1.00 बजे बोतल में पेट्रोल लेकर आ गए और पेट्रोल को छिड़क कर घर पर आग लगा दी। घर का दरवाजा पूरी तरह जल गया। आसपास के लोगों के द्वारा आग बुझाया गया। दोनों युवकों द्वारा जले हुए दरवाजे को तोड़कर जबरन घर के अंदर घुस पर तोड़फोड़ कर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एक टीम तैयार कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया। दोनों आरोपी फरार हो गए थे जिनको घेराबंदी कर अलग अलग स्थानों से पकड़ा गया।

### मुनाफे का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी

**जांजगीर।** अकलतरा थाना क्षेत्र में रियल स्टेट और शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने के नाम पर किसानों और आम लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। ग्राम कामता के किसान ने शिकायत दर्ज कराई कि जून 2024 में अकलतरा निवासी प्रमोद कुमार वैष्णव ने खुद को रियल स्टेट और शेयर मार्केट का कारोबारी बताकर हर माह 5 प्रतिशत मुनाफा देने का झूठा आश्वासन दिया था। भरोसा दिलाने के लिए उसने अपने नाम का चेक देने की भी बात कही। 14 जून 2024 को पीड़ित महेन्द्र कुमार कश्यप 10 लाख रुपए नकद लेकर अकलतरा गया और आरोपी को उसके घर पर रकम सौंप दी। इसके बदले आरोपी ने एचडीएफसी बैंक अकलतरा शाखा का दस लाख रुपए का चेक दिया और पामगढ़ में जरूरी काम बताते हुए इकरारनामा भी तैयार कराया। बाद में स्पष्ट हुआ कि रकम का उपयोग रियल स्टेट और शेयर मार्केट के नाम पर ही किया गया था। समय बीतने के बाद न तो मुनाफा मिला और न ही आरोपी से संपर्क हो पाया। पीड़ित के अनुसार आरोपी का मोबाइल फोन बंद आने लगा। मामले की शिकायत अकलतरा थाना में दर्ज की गई है।

## धान व चावल स्टॉक में हेराफेरी सक्ती जिले में 5 राइस मिल सील

**सवती ।** धान खरीदी पर अंतिम चरण में पहुंच रही है। ऐसे में जिला प्रशासन खरीदी में पारदर्शिता को लेकर सख्ती बरती रही है। इसी कड़ी में सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिपं सीईओ वासु जैन एवं खाद्य विभाग, मार्कफेड की संयुक्त टीम ने शनिवार को जिले की राइस मिलों में औचक दबिश दी। टीम ने धान एवं चावल के र स्टॉक, अभिलेखों, उठाव एवं जमा विवरण की पड़ताल की गई। मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम भाटा मेसर्स एलएन ट्रेडर्स में भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में कुल 556 कट्टा धान वजन 222.4 किंटल अधिक मिला। इस पर मिल में मौजूद 12005 क्विंटल धान एवं 606.5 क्विंटल चावल को जब्त किया गया।

इसी तरह नगर पंचायत नया बाराद्वार स्थित श्री रामचंद्र राइस एंड आयल मिल में कुल 823 कट्टा धान वजन 329 क्विंटल अधिक मिला जिस पर 18484 क्विटल धान जब्त कर मिल को सील किया गया। सक्ती के ग्राम बगबुड़वां (डोड़की) स्थित श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज में कुल 843 कट्टा धान वजन 337.20 क्विटल अधिक मिला। इस पर भी मिल में कुल उपलब्ध कुल 7972 क्विंटल धान एवं 1625 चावल क्विंटल को जब्त कर मिल को सील किया गया।

**इन राइस मिलों को किया गया सील**

ग्राम भाटा स्थित मेसर्स एल एन टेडर्स नया बाराद्वार स्थित श्री रामचंद्र राइस एंड आयल मिल,ग्राम बगबुड़वां (डोड़की) स्थित श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज,ग्राम शेरो स्थित श्री कामाक्षी राईस मिल,ग्राम कोटमी स्थित श्री सत्या मिल श्री कामाक्षी राईस मिल परिसर में कुल 4300 कट्टा धान वजन 1720+ क्विंटल कम पाया गया। इस पर मिल में उपलब्ध 30120.8 क्विंटल घान को जब्त कर मिल को सील किया गया। इसी तरह सक्ती विखं के ग्राम कोटमी स्थित श्री सत्या राईस मिल में कुल 652 कट्टा धान वजन 260.80 क्विंटल कम पाए जाने पर 10879.20 क्विंटल एवं चावल 1487 क्विंटल धान की की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्रवाई करते हुए मिल को सील किया गया। जिला प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शासन के मंशानुरूप जिले के समस्त राइस मिलों में धान की रिसाइक्लिंग रोकने, बोगस धान खरीदी रोकथाम व कस्टम मिलिंग कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### नशे के खिलाफ अमोरा में बनी 200 महिलाओं की कमांडो टीम

**जांजगीर।** नशामुक्ति और जन-जागरूकता के लिए पुलिस लगातार नवाचार कर रही है। इसी क्रम में एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने थाना मुलमुला के अमोरा में विशेष नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री और नशा सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक करना था। इस मौके पर एसपी पांडेय ने 200 महिला कमांडो टीम का गठन किया। ये टीम गांवों में नशा रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएगी और बच्चों-युवाओं को नशे से दूर रहने प्रेरित करेगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने महिला कमांडो को टोपी, सीटी और अन्य उपकरण बांटे। अभियान को और प्रभावशाली बनाने एसपी पांडेय ने छत्तीसगढ़ी में गीत तैयार कर महिला कमांडो टीम को समर्पित किया है।

## वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव की संस्कृत कृति स्तोत्रावली का विमोचन संपन्न



**जांजगीर-चांपा।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव की नवीन संस्कृत कृति स्तोत्रावली का विमोचन 11 जनवरी को शाम 4 बजे जांजगीर जिला मुख्यालय स्थित शील साहित्य परिषद में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ ,यह पुस्तक संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट योगदान मानी जा रही है.

पुस्तक स्तोत्रावली में 26 हिंदू देवी-देवताओं के स्तोत्रों को भिन्न-भिन्न छंदों में संकलित किया गया है, संस्कृत में सर्वाधिक प्रचलित छंदों में रचित इन स्तोत्रों को गेय, वाचनीय एवं ग्रहणीय बनाने का सशक्त प्रयास किया गया है, यह कृति गायत्री स्तुति से प्रारंभ होकर श्री राधा स्तुति के साथ शिखरिणी छंद में समाप्त होती है, पुस्तक में कुल 17 देवी-देवताओं की स्तुति के साथ भारत माता वंदना भी सम्मिलित है, जो इसे आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभाव से परिपूर्ण बनाती है।

विमोचन समारोह का आयोजन नरेंद्र श्रीवास्तव सभागार, शील साहित्य परिषद जांजगीर में किया गया, जहां स्वामी अग्निशिखा महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में इस कृति के लिए साहित्यकार को बधाई देते हुए कहा कि जब लोग संस्कृत भाषा में लिखना छोड़ चुके है ऐसे समय में संस्कृत भाषा में रचना निश्चित रूप से संस्कृत के प्रति अगाध प्रेम को प्रकट करता है। कार्यक्रम में बलदाऊ प्रसाद पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य जांजगीर एवं महेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, समारोह की अध्यक्षता विजय कुमार दुबे, अध्यक्ष शील साहित्य परिषद ने की, इस अवसर पर शील साहित्य परिषद के सचिव विजय राठौर,साहित्यकार, लेखक के परिजन, साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व साहित्यकार दयानंद गोपाल द्वारा निभाया गया।गौरतलब है कि वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव इससे पूर्व भी हिंदी भाषा में कई महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचना कर चुके हैं, उनकी यह नवीन संस्कृत कृति स्तोत्रावली साहित्य जगत में, विशेषकर संस्कृत भाषा के क्षेत्र में, एक अतुलनीय और स्मरणीय रचना के रूप में देखी जा रही है।

## अनमोल वचन......

किसी भी जीवन में आपका एकमात्र दायित्व स्वयं के प्रति सच्चा होना है।

# दोस्ती की बातें महज रस्म-अदायगी

पैक्स सिलिका का मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला, जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसको लेकर अभी कई अस्पष्टताएं हैं। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली पहुंचने पर भारत को जो 'उपहार' दिया, वह एक सांत्वना पुरस्कार ही है। राजदूतों का काम संबंधित देश में अपने मुल्क के लिए सद्भावना निर्मित करना भी होता है, तो गोर ने भारतीय कानों को सुहावनी लगने वाली बातें कहीं। साथ ही एलान किया कि भारत को अगले महीने पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नौ देशों को शामिल करते हुए इस गठबंधन का ऐलान किया, तो उससे भारत में मायूसी का माहौल बना था। ट्रंप ने उसमें अपने देश के अलावा क्वॉड के दो सदस्य देशों- जापान एवं ऑस्ट्रेलिया को शामिल किया। साथ ही आई2यू2 समूह के देशों इजराइल और यूएई को भी उसमें रखा। मगर इन दोनों समूहों के सदस्य भारत को उससे बाहर रखा गया। इन देशों के अलावा दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्रिटेन और नीदरलैंड्स इसके बाकी सदस्य हैं। इसका मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के मामलों में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसमें निवेश और जिसकी कार्य प्रणाली को लेकर अभी तमाम किस्म की अस्पष्टताएं हैं। अब ट्रंप ने अपने राजदूत के जरिए इसकी सदस्यता का उपहार भारत को भेजा है। मगर इस समूह की परिकल्पना भारत की जरूरतों के हिसाब से नहीं की गई है।

हकीकत यह है कि जो सप्लाई चेन ट्रंप चाहते हैं, उसकी तुरंत आवश्यकता अमेरिका को है। रेयर अर्थ खनिजों के क्षेत्र में निर्भरता के कारण उन्हें चीन के खिलाफ सख्त व्यापारिक कार्रवाइयां वापस लेनी पड़ी हैं। इसलिए वे अपने सहयोगी देशों की मदद से चीन पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। जबकि भारत की फौरी जरूरत अमेरिका के साथ अनुकूल व्यापार समझौता है। उसमें मामला जहां का तहां अटका हुआ है। इस बारे में गोर ने इतना भर बताया कि वार्ता जारी है। इस बीच ट्रंप ने ईरान से कारोबार करने वाले देशों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। उससे भारत भी प्रभावित होगा। स्पष्टतः ऐसे कदमों के साथ दोस्ती की बातें महज रस्म-अदायगी नजर आती हैं।

## राशिफल

**मेष राशि** - लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी।

**वृष राशि** - आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा।

**मिथुन राशि** - आज आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा आज आपका दिन एक नयी उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगे।

**कर्क राशि** - आपको आज शुभ सन्देश मिलेगा आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा।

**सिंह राशि** - आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे।

**कन्या राशि** - तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा।

**तुला राशि** - आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा। अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

**वृश्चिक राशि** - आर्थिक स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे।

**धनु राशि** - उन्नति के कई सुनहरे अवसर आपको मिलेंगे आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य और मान-सम्मान का ध्यान जरूर रखें तथा उनके मार्गदर्शन पर अमल करें।

**मकर राशि** - किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ राशि** - लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे।

**मीन राशि** - नया घर खरीद सकते हैं आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें।

# पश्चिम बंगाल का चुनाव घुसपैठिया भगाओ के नैरेटिव की भी परीक्षा

//अजीत द्विवेदी//

**पश्चिम बंगाल विधानसभा की लड़ाई एक समान्य चुनावी लड़ाई नहीं है। यह उससे कहीं ज्यादा है। भारतीय जनता पार्टी और उसके दोनों सर्वोच्च नेताओं नरेंद्र मोदी और अमित शाह के लिए यह प्रतिष्ठा की लड़ाई है। मोदी और दीदी यानी नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी के कल्ट की ल़ड़ाई है। भाजपा और भाजपा विरोध के बुनियादी नैरेटिव की लड़ाई है और भाजपा के हिंदुत्व बनाम हिंदू धर्म की विविधता का भी मुकाबला है। ध्यान रहे दक्षिण के राज्यों को छोड़ दें तो बंगाल एकमात्र राज्य है, जहां मोदी और शाह का जादू नहीं चल पा रहा है। बिहार में भी नहीं चला लेकिन वहां 2015 का चुनाव हारने के बाद भाजपा को समझ में आ गया था कि नीतीश कुमार के रहते अकेले दम पर चुनाव जीतना संभव नहीं है। इसलिए भाजपा ने नीतीश के साथ गठबंधन को प्राथमिकता दी।**

इसी तरह झारखंड में 2014 में जादू चल गया था और भाजपा जीत गई थी। लेकिन उसके बाद लगातार दो बार से हार रही है। तभी वहां भी झारखंड मुक्ति मोर्चा को एनडीए में लाने के प्रयासों की गाहेबगाहे खबर आती रहती है। परंतु पश्चिम बंगाल में भाजपा ऐसा नहीं कर सकती है। वहां उसे ममता बनर्जी के खिलाफ ही लड़ना है और दोनों साथ नहीं आ सकते हैं। आखिर ममता के मुकाबले लेफ्ट और कांग्रेस की ताकत पूरी तरह से समाप्त करके ही भाजपा वहां मजबूत हुई है। लेकिन अभी इतनी मजबूत नहीं हो पाई है कि ममता बनर्जी को हरा कर सत्ता प्राप्त कर ले।

भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल की लड़ाई जीवन मरण की तरह लड़ रही है। कह सकते हैं कि भाजपा हर जगह ऐसे ही लड़ती है। यह सही है फिर भी पश्चिम बंगाल की लड़ाई अलग है। यह हिंदू बनाम मुस्लिम के ध्रुवीकरण की राजनीति का टेस्ट केस है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी 30 फीसदी के करीब है। बाकी करीब 70 फीसदी हिंदू आबादी है। यह आम धारणा है कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों या मुसलमानों की प्रजनन दर की वजह से राज्य की जनसंख्या संरचना बदल रही है। तेजी से मुस्लिम आबादी बढ़ती जा रही है और ममता बनर्जी की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हिंदू परेशान हैं।

इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि हिंदू सचमुच की परेशानी या बनाई गई धारणा के कारण भाजपा की ओर मुड़े हैं। पिछले तीन चुनावों में, जिनमें 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव और 2021 का विधानसभा चुनाव शामिल है, भाजपा को औसतन 40 फीसदी के करीब वोट मिले हैं। इसका मतलब है कि उसे 70 फीसदी हिंदुओं में से 60 फीसदी का वोट मिला है। यह बहुत बड़ा ध्रुवीकरण है। आमतौर पर दूसरे राज्यों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण में हिंदू 50 फीसदी वोट भाजपा को करे तो वह बड़ी जीत हासिल करती है। लेकिन बंगाल में 60 फीसदी पर भी वह जीत नहीं पाती है।

इसका अर्थ है कि और ज्यादा हिंदू ध्रुवीकरण होने पर ही भाजपा के लिए मौका बनेगा। क्या इस बार यह संभव हो पाएगा। अगर भाजपा 70 फीसदी हिंदू आबादी में से 70 फीसदी वोट प्राप्त करे तब उसकी जीत सुनिश्चित होगी। ऐसा गणित इसलिए है क्योंकि पश्चिम बंगाल में बिल्कुल आमने सामने का चुनाव होता है। तृणमूल कांग्रेस बनाम भाजपा का मुकाबला होता है। लेफ्ट और कांग्रेस की ताकत पूरी तरह से समाप्त हो गई है। दोनों को मिला कर 10 फीसदी के करीब वोट मिलता है। 87 से 88 फीसदी वोट तृणमूल और कांग्रेस में बंटते हैं। अगर कोई ऐसी ताकत आए, जिसकी वजह से मुस्लिम वोट का बंटवारा हो तब भाजपा के लिए मौका है या वह 70 फीसदी हिंदू वोट ले और बचा हुआ हिंदू वोट अकेले तृणमूल की तरफ जाने की बजाय दूसरी पार्टियों में बंटे तब उसके लिए मौका बने।

पिछले चुनाव में हुगली के फुरफुरा शरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी ने इंडियन सेकुलर फ्रंट बनाया था और कांग्रेस व लेफ्ट के साथ तालमेल करके लड़े थे। इन तीनों पार्टियों के गठबंधन को 294 में से सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी वह सीट भी आईएसएफ को मिली थी। इसका मतलब है कि तमाम गठबंधन के बावजूद मुस्लिम पूरी तरह से ममता बनर्जी के साथ रहे। इस बार अलग तरह से प्रयास हो रहा है। मुर्शिदाबाद में तृणमूल से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने नींव रख दी है और फरवरी में निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने जातीय उन्नयन पार्टी का गठन किया है। वे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम से तालमेल की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर जोर लगाया है। ममता बनर्जी की पार्टी से राज्यसभा सांसद मौसम बेनजीर नूर की कांग्रेस में वापसी हुई है। वे एबीए गनी खां चौधरी यानी बरकतदा के परिवार की हैं, जिसका मालदा में बड़ा असर है। उनके चचेरे भाई ईशा खान चौधरी बंगाल में कांग्रेस के इकलौते सांसद हैं। सो, कांग्रेस भी मुस्लिम वोट के लिए जोर लगा रही है। इंडियन सेकुलर फ्रंट तो है ही। हालांकि इतनी भीड़ के बावजूद मुस्लिम वोट टूटेंगे इसमें संदेह है।

अब सवाल है कि क्या हिंदू वोट का 70 फीसदी भाजपा के साथ जाएगा। यह एक मुश्किल लक्ष्य लग रहा है। इसका कारण यह है कि ममता बनर्जी भी पश्चिम बंगाल की संस्कृति से जुड़ी धार्मिकता को बढ़ावा दे रही हैं। पिछला चुनाव उन्होंने मां काली का मंत्र पढ़ कर जीता था। इस बार उन्होंने दीघा में जगन्नाथ धाम बनाया है। यह बंगाल की संस्कृति से जुड़ा मामला है। ध्यान रहे बंगाल में चैतन्य महाप्रभु का बड़ा असर है और जगन्नाथ धाम उनके भक्तों को आकर्षित कर रहा है। इसी तरह उन्होंने न्यू कोलकाता टाउन में सबसे बड़े दुर्गा मंदिर की नींव रखी है। वे दुर्गा आंगन बनवा रही हैं। उधर सिलिगुड़ी में वे सबसे बड़ा महाकाल मंदिर बनवाएंगी। ध्यान रहे बंगाल में शिव शक्ति की पूजा की संस्कृति रही है। ममता बनर्जी ने दुर्गापूजा करे सभी पंडालों को पहले से ज्यादा पैसे भी दिए।

इस तरह वे भाजपा और संघ के पूरे देश को जय श्रीराम के नारे के साथ वैष्णव बनाने के प्रोजेक्ट को चैलेंज कर रही हैं। ध्यान रहे संघ और भाजपा हिंदू धर्म की विविधता को एकरूपता में बदलने की परियोजना चला रहे हैं। पश्चिम बंगाल शक्ति की पूजा वाला प्रदेश है। वहां शाक्त संप्रदाय के लोगों की बड़ी आबादी है। वे मातृ शक्ति की पूजा करते हैं। सो, एक तरफ भाजपा के सामने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को एक्सट्रीम तक ले जाने की चुनौती है तो दूसरी ओर हिंदू धर्म की बहुलता, विविधता को एकरुपता में ढालने के उसके दीर्घकालिक प्रयोग की भी परीक्षा है।

बहरहाल, अगर 30 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले प्रदेश में भी भाजपा हिंदू ध्रुवीकरण करा कर चुवाव नहीं जीतती है तो क्या वह इस राजनीति की सीमाओं को समझेगी और इसमें कोई बदलाव करेगी? इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव घुसपैठिया भगाओ के नैरेटिव की भी परीक्षा है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया है। असम की तर्ज पर बंगाल में डुसपैठियों को निकालमे और जमीन खाली कराने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा एक परीक्षा एसआईआर की भी है। दावा किया जा रहा है कि एसआईआर के जरिए जो वोट कटे हैं उसका ममता बनर्जी को बड़ा नुकसान होगा। इस दावे का आधार यह है कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि मृत या शिफ्ट कर गए मतदाताओं के नाम पर तृणमूल के लोग वोट डालते थे। वो नाम कट गए हैं तो इससे भाजपा का वोट कटेगा।

दूसरी ओर तृणमूल का कहना है कि भाजपा समर्थकों के वोट ज्यादा कटे हैं और इसलिए तृणमूल की सीटें बढ़ेंगी। गौरतलब है कि मालद, मुर्शिदाबाद, नादिया, दिनाजपुर जैसे मुस्लिम बहुल इलाकों में कम वोट कटे हैं। बंगाल के विकास के नैरेटिव की भी एक परीक्षा है। पश्चिम में उद्योग धंधे बंद हो गए हैं और जीडीपी से लेकर प्रति व्यक्ति आय तक में बंगाल पहले से काफी पीछे चला गया है। अंत में एक परीक्षा भ्रष्टाचार के आरोपों की भी है। चिटफंड से लेकर शिक्षक भर्ती घोटाले तक में तृणमूल के अनेक नेता फंसे। हालांकि ममता बनर्जी बेदाग रही हैं। जो हो इस साल के पांच चुनावों में सबसे ज्यादा दिलचस्प चुनाव पश्चिम बंगाल का होने वाला है।

# सीनियर और युवा नेताओं के बीच संतुलन स्थापित करना नितिन नबीन के लिए होगी बड़ी चुनौती

//संतोष कुमार पाठक//

**हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है।**



भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख जारी हो गई है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाए गए डॉ के.लक्ष्मण ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। संगठन पर्व - 2024 के तहत जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पार्टी ने शुक्रवार को ही निर्वाचक मंडल सूची का प्रकाशन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 19 जनवरी से शुरू हो जाएगी। 19 जनवरी को ही दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। इसी दिन शाम को 4 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शाम 5 से 6 बजे तक नाम वापस लिया जा सकता है। अगर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए एक से अधिक नेता नामांकन भरेंगे तो 20 जनवरी को चुनाव करवाया जाएगा। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए बीजेपी में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि 20 जनवरी को सर्वसम्मति से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के चुने जाने का ऐलान कर दिया जाएगा।

हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है। बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी जबकि नितिन नबीन का जन्म इसके 47 दिन बाद 23 मई 1980 को हुआ था। ऐसे में अब बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह साबित करने की भी है कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी सिर्फ प्रतीकात्मक बदलाव का पर्याय भर बन कर न रह जाए। वहीं नई बीजेपी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका दिया जाना बहुत जरूरी है।

यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बिहार से आने वाले इन युवा नेता के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी टीम का गठन करना होगा। पार्टी संविधान के मुताबिक, पार्टी में सर्वोच्च फैसला लेने वाली इकाई पार्टी का संसदीय बोर्ड है। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति का नंबर आता है जो चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन करता है। फिलहाल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी नड्डा है लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाने के बाद नितिन नबीन ही पार्टी का फैसला लेने वाले इस सर्वोच्च इकाई के अध्यक्ष होंगे। वर्तमान में नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, बी एस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, के.लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव और सत्यनारायण जटिया संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष संसदीय बोर्ड के सचिव के तौर पर इसमें शामिल हैं। इनमें से बीएल संतोष को छोड़कर बाकी सभी नेता 60 से ज्यादा उम्र के हैं। संसदीय बोर्ड के ये सारे सदस्य पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। संसदीय बोर्ड में शामिल इन 11 नेताओं के अलावा भूपेन्द्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, और वनथी श्रीनिवासन केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल हैं। सरकार के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नितिन नबीन की अध्यक्षता वाले पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति दोनों में ही शामिल रहेंगे। वहीं सरकार और पार्टी के अहम नेता के तौर पर अमित शाह भी इन दोनों समितियों का हिस्सा रहेंगे। लेकिन युवा नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने के लक्ष्य और नई बीजेपी के गठन के लिए कई दिग्गज नेताओं को इससे बाहर जाना ही पड़ेगा। इन दोनों समितियों का पुनर्गठन करने के बाद पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन को अपनी राष्ट्रीय टीम - यानी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, राष्ट्रीय महासचिवों, राष्ट्रीय सचिवों और राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों , समितियों और विभागों के मुखियाओं की भी नियुक्ति करनी पड़ेगी। यह बात तो साफ है कि ये सारे फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सहमति से ही लिए जाएंगे। हालांकि राजनाथ सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया जैसे नेताओं के बारे में अंतिम फैसला करने से पहले संघ से भी चर्चा की जाएगी। पार्टी की राष्ट्रीय टीम में ऐसे कई अन्य नेता भी शामिल हैं जो अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं और इसलिए उन्हें हटाने से पहले कई समीकरणों का ध्यान भी रखना पड़ेगा। ऐसे में यह देखना बहुत दिलचस्प रहेगा कि नितिन नबीन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए अपनी नई टीम कैसे तैयार कर पाते हैं और कैसे तमाम उम्र के नेताओं यानी सीनियर एवं युवा के बीच संतुलन बना पाने में कामयाब हो पाते हैं।

## कुछ-कुछ 2025 जैसा ही 2026 में संभव

कुछ-कुछ 2025 जैसा ही 2026 में संभव। ऊपर से भौकाल मचाते आंकड़े वही जमीनी असलियत में खोखला। विश्व बाजार में पिछले साल भारत का रुपया लुढ़का वही आर्थिकी तथा बाजार की रौनक चीनी कारखानों के उत्पादों पर आश्रित। वैश्विक वास्तविकताओं में यह हमेशा सुना गया है कि जो विकसित है या विकसित होता हुआ है तो उसकी करेंसी उसी अनुपात में मंहगी, मूल्यवान होती है। वहां के नागरिकों के पासपोर्ट का मान बढ़ता है। पर मोदी राज के हवाबाज ढोलों का कमाल है जो रुपया, निर्यात लुढके, बेरोजगारी बढ़ी मगर फिर भी ब्रिटेन, जापान, जर्मनी सभी को भारत पछाड़ता हुआ। आगे बस चीन और अमेरिका का नंबर आना है। भारत के पासपोर्ट का जहां सवाल है तो विश्वगुरू बन गए पर अपना पासपोर्ट अफ्रीकी देशों के पासपोर्ट से भी कमजोर, लुढ़कता हुआ। सच्चाई है कि भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का साढे 17 प्रतिशत है जबकि बेचारे ब्रिटेन, जापान, जर्मनी की कुल आबादी सिर्फ तीन प्रतिशत है। भारत 140 करोड़ लोगों की भीड लिए हुए है वही ब्रिटेन, जर्मनी, जापान तीनों देशों की कुल आबादी 24 करोड है। मतलब भारत के मध्यवर्ग की अनुमानित संख्या से भी कम।

## तस्वीरों की दुनिया



भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का देहरादून पहुंचने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन में स्कूली बच्चों से बातचीत की।



नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आम्रपाली विश्वविद्यालय परिसर से आयोजित श्रीअन्न आधारित शेफ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी (बाएं) इंदौर में देवी अहिल्याबाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने पर मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार (दाएं) और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष जीतू पटवारी से मिले।



नई दिल्ली में आने वाले गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना के वाहन।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का सिलसिला जारी, दो और हिंदुओं की हत्या

**ढाका, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्याओं का सिलसिला जारी है। 24 घंटे के भीतर दो और हिंदुओं की हत्या कर दी गई। पहली घटना राजबाड़ी जिले में हुई, जहां पेट्रोल पंप पर तेल के पैसे मांगने पर युवक को कार से रौंद डाला गया। दूसरी घटना में गाजीपुर जिले में दुकान के कर्मचारी को हमले से बचाने आए मालिक को फावड़े से काट कर मौत के घाट उतार दिया गया। सिर्फ एक महीने के अंदर देशभर में 11 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है।प्रेट्र के अनुसार, पहली घटना शुक्रवार को राजबाड़ी इलाके में हुई। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले हिंदू युवक का कसूर बस इतना था कि उसने कार में ईंधन भराने वालों से पैसे मांग लिए और नहीं देने पर इसका विरोध किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, मृतक की पहचान 30 वर्षीय रिपन साहा के रूप में हुई है। वह राजबाड़ी के गोलंदा मोड़ के पास करीम पेट्रोल पंप पर काम करता था। द डेली स्टार ने पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े चार बजे एक काले रंग की एसयूवी पेट्रोल पंप पर पहुंची और उसमें पांच हजार टका (लगभग 3,710 रुपये) का ईंधन भरवाया। जब कार ड्राइवर बिना भुगतान किए जाने लगा तो रिपन ने वाहन को रोकने की कोशिश की।इस पर उसने रिपन पर कार चढ़ा दी जिससे जिससे उसकी




मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह कार लेकर फरार हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और उसके मालिक अबुल हाशेम उर्फ सुजान (55) और ड्राइवर कमाल हुसैन (43) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हाशेम, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की राजबाड़ी जिला इकाई का पूर्व कोषाध्यक्ष तथा जिला युवा दल का पूर्व अध्यक्ष है और पेशे से ठेकेदार है। एक समाचार के अनुसार, दूसरी घटना बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में हुई। पुलिस के अनुसार एक हिंदू व्यक्ति की दुकान के कर्मचारी को हमले से बचाने की कोशिश में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

55 साल के लिटन चंद्र घोष उर्फ काली बारानागर रोड पर बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल नाम की मिठाई की दुकान के मालिक थे, जहां यह झगड़ा हुआ था।पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, शनिवार को सुबह 11 बजे मिठाई की दुकान में घुसे 28 साल के मासूम मियां और दुकान के 17 साल के कर्मचारी अनंत दास के बीच एक छोटी सी बात पर कहासुनी हो गई। यह बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। इसके तुरंत बाद मासूम मियां के माता-पिता मोहम्मद स्वपन मियां और माजेदा खातून मौके पर पहुंचे और अनंत को पीटने लगे।लिटन घोष ने अनंत दास को बचाने और स्थिति को शांत करने के लिए बीच-बचाव किया, लेकिन उन पर भी हमला किया गया। उनके सिर पर फावड़े से वार किया गया और चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, स्वपन मियां, माजेदा खातून और मासूम मियां को पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद के कार्यकारी महासचिव मनींद्र कुमार नाथ ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना मिली है। अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं चिंताजनक हैं।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम, 900 अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात



**प्रयागराज, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

दिव्य और भव्य महाकुंभ की तरह सुरक्षित माघ मेला के लिए नौ सौ अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। संगम सहित दूसरे स्नान घाट के आसपास वाले सभी बिजली के खंभों पर एक-एक जवान मुस्तैद हैं।थल के साथ जल में भी मोटर बोट और वाटर एंबुलेंस के जरिए सुरक्षा-व्यवस्था का घेरा मजबूत किया गया है। सीसीटीवी फुटेज, वाच टावर से भीड़, यातायात व्यवस्था और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षाकर्मियों को सख्त हिदायत है कि वह ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतेंगे और किसी भी सूचना को तुरंत उच्चाधिकारियों को देंगे।कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें सिविल पुलिस, पीएसी, अर्धसैनिक बल, जल पुलिस, एटीएस कमांडो के अलावा दूसरे बल के जवान शामिल हैं। मगर मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान पर्व आरंभ होने से पूर्व ही अपेक्षा से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी।इसको देखते हुए मेला क्षेत्र में 900 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें डिप्टी एसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा, हेड कांस्टेबल, सिपाही और पीएसी के जवान हैं। योजना के मुताबिक, संगम नोज, दूसरे स्नान घाट, बड़े हनुमान मंदिर, वीआईपी घाट सहित दूसरे स्थलों पर बेहतरीन जवानों को तैनात किया गया है।घाट के आसपास वाले सभी खंभो पर भी जरूरी उपकरणों के साथ सुरक्षाकर्मियों को मुस्तैद किया गया है। जल पुलिस, बाढ़ राहत पीएसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान भी मोटर बोट, वाटर एंबुलेंस के जरिए लगातार भ्रमण कर रहे हैं। प्रशिक्षित गोताखोरों को हर समय तत्पर रहने के लिए कहा गया है।भीड़ और यातायात व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन करने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार दूसरे विभागों, जनपदों से समन्वय बना रहे हैं। किस मार्ग से लगभग कितने वाहन गुजर रहे हैं, इसका अनुमान लगाते हुए उसी के तहत पार्किंग की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है।मौनी अमावस्या पर सुरक्षा-व्यवस्था के लिए सिविल, पीएसी के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। स्नान घाट के आसपास सभी खंभों पर एक-एक सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी लगाई है। पानी में भी जवान लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

## राजस्थान में उत्तर प्रदेश का फर्जी आईपीएस गिरफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी से थाने पहुंचकर छाड़ रहा था रौब



**जयपुर।** राजस्थान में भिवाड़ी पुलिस ने एक फर्जी भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के निवासी सौरभ कुमार के रूप में हुई है। सौरभ कुमार पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में रह रहा है।भिवाड़ी पुलिस थाना अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार देर रात सचिन स्कार्पियो गाड़ी लेकर थाने पहुंचा। उसने थाने में मौजूद संतरी को खुद को आईपीएस अधिकारी बताते हुए वर्तमान में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसपीजी) में तैनात रहने की बात कही।सौरभ ने संतरी से कहा कि वह एक विशेष मिशन पर आया है, इसलिए होटल में रुकने के लिए कमरा चाहिए। इस बीच थाना अधिकारी खुद मौके पर पहुंच गए। बातचीत में उन्हें सौरभ पर शक हुआ। सौरभ ने खुद की नकली आइडी दिखाई। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि इस आइडी से कोई आइपीएस अधिकारी नहीं है। इस पर सौरभ को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने खुद ही फर्जी अधिकारी होने की बात बता दी।वह खुद को आइपीएस अधिकारी बताकर प्रोटोकॉल का लाभ लेना चाहता था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने बताया कि सौरभ के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। उसकी गाड़ी जब्त की गई है, जिस पर पुलिस लिखा हुआ था।

## भोपाल में लिफ्ट डक्ट में दबकर बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, तेज बदबू आने पर 11 दिन बाद हुआ खुलासा

**भोपाल 18 जनवरी।** मिसरोद क्षेत्र की चिनार ड्रीम सिटी कॉलोनी में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां लिफ्ट की डक्ट में दबकर 77 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि बुजुर्ग बीते 11 दिनों से लापता थे और स्वजन के साथ पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी, जबकि उनका शव उसी बिल्डिंग की लिफ्ट डक्ट में पड़ा रहा। मामले का खुलासा तब हुआ, जब डक्ट से तेज दुर्गंध आने लगी। बताया गया कि बदबू आने पर बिल्डिंग प्रबंधन ने लिफ्ट मैकेनिक को बुलाया। जांच के दौरान नीचे उतरते ही मैकेनिक और स्टाफ के होश उड़ गए, जब उन्होंने लिफ्ट डक्ट में बुजुर्ग का शव देखा। सूचना मिलने पर मिसरोद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 77 वर्षीय प्रीतम गिरी गोस्वामी के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ चिनार ड्रीम सिटी कॉलोनी के डी-ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर रहते थे।

## दिल्ली में कम करने के बजाय प्रदूषण बढ़ाने में मदद कर रहीं एंटी स्मॉग गन, विशेषज्ञों ने बताया खतरनाक

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण के कारण ग्रेप का चौथा चरण लागू हो गया। ऐसे में सड़कों पर उड़ने वाली धूल को खत्म करने के लिए चल रही एंटी स्मॉग गन प्रदूषण खत्म करने के बजाय अनजाने में इसे बढ़ाने में सहायक बन रही है। क्योंकि सड़कों पर धीमी गति के कारण पानी छिड़काव करते हुए चलने वाली इस एंटी स्मॉग गन से कई स्थानों पर जाम लगता है। इस जाम में फंसने के कारण वाहनों का प्रदूषण बढ़ता है।दिल्ली में जैसे ही वायु गुणवत्ता स्तर बढ़ता है तो एमसीडी से लेकर डीडीए, एनडीएमसी और लोक निर्माण विभाग एंटी स्मॉग गन का उपयोग बढ़ा देते हैं। इस समय करीब 300 एंटी स्मॉग गन सड़कों पर दौड़ रही हैं। एक एंटी स्मॉग प्रतिदिन 25-30 किलोमीटर चलती है और उस इलाके में जाम का कारण बनती है। इसमें पीडब्ल्यूडी की ही करीब 200 मशीनें हैं।इसके अलावा एडीएमसी की आठ, डीडीए की सात, दिल्ली जल बोर्ड की 21, एनसीआरटीसी की नौ, डीएसआईआईडीसी की आठ, डीएमआरसी की छह, एमसीडी की 28, एनएचएआई की चार, आईएफसीडी की एक एंटी स्माग गन पानी का छिड़काव करते हुए सड़क पर चलती है।एंटी स्मॉग गन एक भारी वाहन पर स्थापित होती है। इसमें मौजूद पानी का छिड़काव सड़क पर किया जाता है। इससे हवा में उड़ने वाली धूल तो नीचे बैठने लगती है लेकिन छिड़काव के लिए वाहन की गति धीमी रखनी पड़ती है। इसके कारण इस वाहन पीछे गति थम जाती है। इसकी वजह से कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है। जाम से फंसे वाहनों से कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रोजन के आक्साइड, कार्बन डाईआक्साईड हाइड्रोकार्बन और बेंजीन जैसे हानिकारक गैसें व कण निकलते हैं। जब एक ही स्थान पर गाड़ियां जाम में फंसती हैं तो इनका उत्सर्जन बढ़ जाता है।

रफी मार्ग पर दौड़ती एनडीएमसी की एंटी स्माग गन के कारण पीछे जाम लगा हुआ था। इसी तरह पूर्वी दिल्ली में आनंद विहार बस अड्डे के बाहर की सड़क पर चलती एंटी स्माग गन पानी का छिड़काव करती हुई नजर तो आ रही थी लेकिन इसके पीछे 300-400 मीटर लंबा जाम भी नजर आया। दक्षिणी दिल्ली के आउटर रिंग पर नेहरू प्लेस बस टर्मिनल के पास भी कुछ ऐसा ही दृश्य था। यहां एंटी स्मॉग गन के पीछे वाहनों की कतार लगी हुई थी। लोग पांच से दस मिनट तक जाम में फंस रहे थे। एंटी स्माग गन के कारण लगने वाले जाम पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि इस समस्या के निजात के लिए ही मिस्ट स्प्रे का उपयोग किया जा रहा है। सड़कों पर बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रे लगाया जा रहा है जिससे पानी का छिड़काव तो होता है लेकिन जाम भी नहीं लगता है। इसके लिए मिस्ट स्प्रे की संख्या बढ़ाने की योजना है।

## ग्रीनलैंड विवाद गहराया: ट्रंप का कड़ा एक्शन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों पर थोपा 10 फीसदी टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को ट्रूथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में घोषणा की कि ग्रीनलैंड को अमेरिका द्वारा पूर्ण और पूर्ण खरीद के लिए समझौता न होने तक डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन), नीदरलैंड्स और फिनलैंड सहित आठ यूरोपीय देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ 1 फरवरी 2026 से लागू होगा और यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो 1 जून 2026 से इसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। ट्रंप ने दावा किया कि ये देश ग्रीनलैंड में सैन्य उपस्थिति बढ़ाकर अमेरिका की योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने लिखा, चीन और रूस ग्रीनलैंड चाहते हैं, और डेनमार्क कुछ नहीं कर सकता। उनके पास अभी सिर्फ दो डॉग स्लेड्स हैं सुरक्षा के लिए। ट्रंप ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और विश्व शांति से जोड़ा, तथा कहा कि अमेरिका ने वर्षों से इन देशों को सब्सिडी दी है बिना टैरिफ लगाए।

## बच्चों को देश के बंटवारे के बारे में बताना चाहिए जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलीं सुधा मूर्ति



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति ने कहा कि जब मैं देश के बंटवारे को देखती हूं तो मुझे लगता है कि बच्चों को यह बताया जाना चाहिए कि ऐसा हुआ था, जो गलत था। ऐसा दोबारा नहीं होना चाहिए। मुझे उन लोगों को लेकर दुःख होता है, जिन्हें आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश से अपना घर छोड़कर आना पड़ा।एक ऐसा इंसान जिसे भारत की संस्कृति, भाषा और लोगों के बारे में कुछ भी पता नहीं हो, उसने सिर्फ पेंसिल से एक लाइन खींच दी और कहा कि आज से यह जमीन आपकी नहीं है। यह जमीन विदेशी है। अगर कोई मुझसे कहे कि कर्नाटक अब आपका नहीं है तो कितना दर्द होगा।यह बातें उन्होंने शनिवार को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में अपनी किताब द मैजिक ऑफ द आस्ट इयरिंग्स पर एक सत्र में बोलते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि उनके दामाद ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋिषी सुनक का परिवार पाकिस्तान छोड़कर कैसे लंदन तक पहुंचा। सुनक के दादा-दादी पाकिस्तान के लाहौर असल में गुजरांवाला के निवासी थे। विभाजन के समय उन्हें अपना व्यापार, घर, पैसा छोड़कर बिना कुछ लिए अफ्रीका जाना पड़ा। वहां उन्होंने नए सिरे से जीवन खड़ा किया। इसके बाद वे वहां से लंदन चले गए। उस समय सुनक दस साल के थे। परिवार ने दो बार अपना घर खोया। इसके बावजूद उन्होंने जीरो से शुरूआत की। आज उनका परिवार जहां है, वह उसी संघर्ष एवं मेहनत का नतीजा है। कहा कि भारत में सिंध नाम की कोई जगह नहीं है।

## फाइनेंस कंपनी से गोल्ड लोन का ऑफर, चार लाख, 56 हजार, 347 रुपये बैंक खाते से गायब

**भागलपुर, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

एसबीएफसी फाइनेंस कंपनी से आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी का गोल्ड लोनी बता चार लाख, 56 हजार, 347 रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। धोखाधड़ी की बाबत तिलकामांझी थाने में एसबीएफसी फानइेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार ने केस दर्ज करा दिया है। दर्ज केस में मुंगेर जिले के घोरघट निवासी लेख राज को नामजद आरोपित बनाया है। तिलकामांझी थाने की पुलिस टीम केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। नवगछिया के बिहपुर अमरपुर निवासी शाखा प्रबंधक प्रशांत चौधरी ने तिलकामांझी थानाध्यक्ष को जानकारी दी है कि दस जनवरी 2026 को एक ग्राहक जिसने अपना नाम लेख राज बताते हुए कंपनी की लैंड लाइन पर अपने मोबाइल से




कॉल किया। उसने जानकारी दी कि वह आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी में उसका गोल्ड लोन चल रहा है। पर उस कंपनी का ब्याज दर काफी अधिक लग रहा है, इसलिए वह अपना गोल्ड आपकी कंपनी में ट्रांसफर कराना चाहता है। इसके बाद 15 जनवरी को लेख राज अपने साथ आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी तिलकामांझी का ग्राहक प्रतिनिधि, अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई कार्ड एवं चेक बुक और सौ रुपये का स्टांप पेपर लेकर ब्रांच पहुंच गया।

कार्यालय में कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद लेख राज के एक्सिस बैंक के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 4,56,347 रुपये शाखा की तरफ से ट्रांसफर कर दिया गया। जिसके एवज में लेख राज ने उनकी शाखा में गोल्ड लेकर आने तक की अवधि के लिए 4,56,347 रुपये का चेक शाखा को सौंपते हुए बोला कि वह आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी तिलकामांझी जाकर अपना गोल्ड लेकर आ रहा है।यह बोल जो शाखा से गया फिर वापस नहीं आया। शाखा से उन्हें कॉल भी किया गया। लेकिन कोई जवाब नहीं आया। मामले में शाखा प्रबंधक ने केस दर्ज कर धोखाधड़ी का रुपये वापस कराने का अनुरोध किया है।

# 25 साल से अधिक समय से नहीं हुई पानी टंकी की सफाई



**जामुड़िया, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

ईसीएल के कुनुस्तोडिया एरिया अंतर्गत कुनुस्तोडिया कोलियरी के ईसीएल आवासों में पानी आपूर्ति करनेवाली पानी टंकी की साफ-सफाई वर्षों से नहीं हुई है। वर्ष 1983 में बनी इस पानी टंकी के माध्यम से पूरे कोलियरी क्षेत्र के लगभग 600 आवासों में पानी की आपूर्ति की जाती है। पानी टंकी के पास में रहनेवाले बैंककर्मी आफताब अंसारी ने बताया कि पिछले 25 सालो से कुनुस्तोडिया कोलियरी इलाके में रहते हैं, आज तक कभी पानी टंकी की सफाई होते नहीं देखा है। पानी टंकी निर्माण हुए चालीस साल से अधिक हो गया है। ईसीएल कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से टंकी की साफ-सफाई होनी चाहिए। पानी का इस्तेमाल लोगों द्वारा स्नान करने, कपड़ा धोने, बर्तन धोने सहित सभी प्रकार के घरेलू कार्यों में किया जाता है। ऐसे में साफ सुथरा पानी नहीं होना लोगों को गंभीर बीमारी की चपेट में डाल सकता है। ईसीएल कुनुस्तोडिया कोलियरी के पंप आपरेटर मोहम्मद ओकेश ने कहा कि कोलियरी क्षेत्र के लोगों को पानी आपूर्ति करनेवाली टंकी की सफाई हुए वर्षों हो गए है। पानी टंकी में ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन, नमक आदि छिड़काव करने का नियम है, लेकिन इसका भी पालन नहीं किया जाता है। कोयला खदान का पानी टंकी में आता है तो टंकी से सीधा ईसीएल आवासों में पाइपलाइन के माध्यम से सप्लाई कर दिया जाता है। दो हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी से ईसीएल कुनुस्तोडिया कोलियरी के सैकड़ों ईसीएल आवासों में पानी की सप्लाई किया जाता है।

## कपड़ों के गोदाम में भीषण आग, जान बचाने के लिए पहली मंजिल से कूदा शख्स

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका सेक्टर-7 स्थित रामपाल चौक के पास शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने कपड़ों के गोदाम में भीषण आग लग गई। दोपहर करीब 2.10 बजे गोदाम से अचानक ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठते देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान धमाकों की आवाज़ ने स्थानीय लोगों को दहशत में डाल दिया।हादसे के वक्त गोदाम के ऊपर पहली मंजिल पर एक व्यक्ति फंसा हुआ था। नीचे से उठती आग की लपटों और दमघोंटू धुएं को देख उसने जान बचाने के लिए करीब 10 फीट की ऊंचाई से नीचे छलांग लगा दी। गनीमत रही कि उसे पैर में मामूली चोटें ही आईं और उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के कारण भीषण कार हादसा, एक की मौत, दो घायल



**मुरादनगर, 18 जनवरी ।**

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मुरादनगर थाना क्षेत्र में गांव मिल्क चाकरपुर के पास शुक्रवार देर रात कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। हादसा कोहरे में दृष्यता कम होने के चलते हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घायलों का उपचार चल रहा है। इन दिनों रात व सुबह के समय भयंकर कोहरा हो रहा है। एक्सप्रेस-वे पर कुछ दूरी पर भी वाहन नजर नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि हादसे बढ़ गए हैं। शुक्रवार देर रात रामपुर जिले के रसूलपुर के शोहराब कार से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे। कार में उनके दो साथी भी थे। इस बीच जब वे मुरादनगर थाना क्षेत्र में मिल्क चाकरपुर गांव के पास पहुंचें तो कोहरे में डिवाइडर नहीं दिखा और कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचीं, जहां चिकित्सकों ने शोहराब को मृत घोषित कर दिया।दो साथियों की अभी पहचान नहीं हुई है। उनका अस्पताल में हालत गंभीर बनी है। वहीं, हादसे के बाद कार सड़क पर आने से जाम की स्थिति बनने लगी। पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से कार सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य कराया।

# गौ तस्करों के साम्राज्य पर पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक, 1.4 करोड़ कैश और किलो भर सोना जब्त

**रांची, 18 जनवरी [एजेंसी]।**

झारखंड और ओडिशा सीमा पर गो तस्करों पर कड़ी कार्रवाई तेज हुई है। शनिवार को ओडिशा पुलिस की ओर से कई जिलों में एक साथ एक्शन लिया गया। क्योंझर (ओडिशा) पुलिस ने शनिवार को भद्रक के पुराना बाजार थाना अंतर्गत मुल्लासाही में एक संदिग्ध पशु माफिया के घर पर धावा बोला गया। आरोपित की पहचान भद्रक के मुल्लासाही निवासी शेख ताजुद्दीन के रूप में हुई।आरोपित के घर में मिले 500 रुपये के नोटों के बंडल में 60 लाख रुपये नकद बरामद हुए, जिसे काउंट करने के लिए पुलिस को नकदी गिनने वाली मशीनें मंगवानी पड़ीं। यह कार्रवाई गौ तस्करी रैकेट के मुख्य सरगना को पकड़ने और रैकेट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई।आरोपित के खिलाफ पहले दर्ज शिकायतों के आधार पर छापा मारा गया। पुलिस के अनुसार भद्रक बाईपास रोड पर आरोपी का मार्केट काम्प्लेक्स और रेजिडेंशियल कॉलेज भी है।क्योंझर जिला के शंकरपुर निवासी टीपू सुल्तान के आवास से 30 लाख रुपये और सोने चांदी के आभूषण, मयूरभंज जिला के बीसोई निवासी मृत्युंजय महापात्र के घर से 30 लाख रुपये, झारपोखरिया निवासी सुजीत मोहंती के घर से 32 लाख रुपये व आभूषण बरामद किए गए हैं।इस आपरेशन में एक डीएसपी, दो इंस्पेक्टर, छह सब-इंस्पेक्टर और फोर्स की दो प्लाटून शामिल थीं। अभियान में कुल नौ लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनके पास से 1.40 करोड़ नकद, लगभग एक किलो सोना, तीन किलो चांदी के आभूषण, 11 चारपहिया और 13 दोपहिया वाहन, भूमि, रियल इस्टेट दस्तावेज, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए गए।पुलिस ने बताया कि यह रैकेट पिछले वर्ष क्योंझर में पुलिस पर हमला करने में भी शामिल था। गौ



तस्करी मामलों में अब तक 20 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और रैकेट के माध्यम से सौ करोड़ से अधिक की अवैध उगाही की गई। एसपी कुशलकर ने कहा कि इस कार्रवाई से रैकेट के बड़े सरगना पर शिकंजा कसते हुए क्षेत्र में गौ सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत संदेश मिलेगा।

पुलिस का कहना है कि एनालिसिस जारी है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में एक सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति का खुलासा होगा। सिकिदिरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवागढ़ में शनिवार देर रात ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए पशु तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी। करीब आधा दर्जन तस्कर 35 बैलों को अवैध रूप से स्वर्णरिखा नदी पार कराने की कोशिश कर रहे थे, तभी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सजग ग्रामीणों ने उन्हें खदेड़ दिया।तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना प्रभारी सचिन मिश्रा मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में सभी बैलों को गेतलसूद, सोसो, हरातू और नवागढ़ के 17 जरूरतमंद किसानों के बीच बांटकर जिम्मानामा सौंप दिया गया।जांच में सामने आया है कि इस क्षेत्र में इरबा और कुटे मंडियों के लिए तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है, जहां दलालों के जरिए पशुओं को स्वर्णरिखा नदी पार कराया जाता है। ग्रामीणों ने अब गांव-गांव बैठक कर किसानों को जागरूक करने का निर्णय लिया है।

# ब्लेजर पहनते समय न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक



ब्लेजर एक ऐसा कपड़ा है, जो न केवल आपको स्टाइलिश दिखाता है, बल्कि आरामदायक भी महसूस करवाता है। हालांकि, कई बार अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं, जो आपके लुक को बिगाड़ सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आपका ब्लेजर पहनना आपके लिए एक बेहतरीन अनुभव बने। सही तरीके से ब्लेजर पहनना आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकता है।

**गलत फिटिंग का चुनाव करना**

ब्लेजर की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर आपके शरीर से ढीला या बहुत टाइट हो तो यह आपके लुक को खराब कर सकता है। सही फिटिंग वाला ब्लेजर आपके शरीर की बनावट को उभारता है और आपको एक पेशेवर दिखावा देता है। इसलिए हमेशा अपनी माप के अनुसार ही ब्लेजर चुनें। अगर माप ठीक नहीं होगा तो सिलाई करवा लें ताकि ब्लेजर आपके शरीर पर सही तरीके से बैठे और आप सबसे अच्छे दिखें।

**गलत रंगों का चयन करना**

ब्लेजर का रंग चुनते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो। हल्के रंग जैसे सफेद या हल्के नीले रंग की ब्लेजर गर्मियों में अच्छे लगते हैं, जबकि गहरे रंग जैसे काला या गहरा नीला सर्दियों में बेहतर दिखते हैं। अगर आप ऑफिस या किसी औपचारिक कार्यक्रम के लिए ब्लेजर पहन रहे हैं तो सादा और हल्के रंगों का चयन करें। इससे आप पेशेवर दिखेंगे और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**सही लंबाई न चुनना**

ब्लेजर की लंबाई भी बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लेजर बहुत लंबा या बहुत छोटा हो तो वह अच्छा नहीं दिखता। आदर्श रूप से, ब्लेजर आपकी कमर तक पहुंचना चाहिए ताकि आपकी शर्ट की लंबाई सही दिखे और संतुलन बना रहे। अगर आपकी ऊंचाई कम है तो थोड़ा छोटा ब्लेजर चुनें ताकि आपकी लंबाई लंबी दिखे और आप ज्यादा आकर्षक लगें। इससे आपका पूरा लुक बेहतर और पेशेवर दिखेगा।

**बटन बंद करने की गलत आदत**

कई लोग बिना सोचे-समझे पूरे बटन बंद कर लेते हैं, जिससे लुक बनावटी लग सकता है। हमेशा ध्यान रखें कि अगर आप बैठने वाले हैं या खाना खाने वाले हैं तो ब्लेजर के नीचे वाला बटन खोल दें ताकि आरामदायक महसूस हो और आपका लुक भी अच्छा दिखे। इसके अलावा जब आप खड़े हों तो सभी बटन बंद करें ताकि आपका पूरा लुक पेशेवर दिखे और आप सबसे अच्छे दिखें।

**सहायक चीजों का गलत मेल करना**

ब्लेजर पहनते समय सही सहायक चीजें चुनना भी जरूरी है। अगर आपकी सहायक चीजें बहुत भारी होंगी तो वे आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकती हैं।

हल्की और सादी सहायक चीजें जैसे घड़ी या छोटी कान की बालियां पहनें ताकि आपका ध्यान मुख्य रूप से ब्लेजर पर केंद्रित रहे। इसके अलावा अगर आपका ब्लेजर गहरे रंग का है तो हल्की रंग की सहायक चीजें चुनें और अगर आपका ब्लेजर हल्के रंग का है तो गहरे रंग की सहायक चीजें पहनें।



## किस कमी से एड़ी में दर्द होता है,दिखने वाले रोगों के संकेत

अक्सर लोग सोचते हैं कि एड़ी में दर्द सिर्फ चोट लगने, ज्यादा चलने या गलत जूते पहनने की वजह से होता है। लेकिन कई बार बिना किसी चोट के भी एड़ी में लगातार दर्द महसूस होता है। ऐसी स्थिति में यह दर्द शरीर में विटामिन, खनिज या पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है। इसके अलावा, पैरों में दिखाई देने वाले कई बदलाव गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षण भी हो सकते हैं।

विटामिन D शरीर में कैल्शियम को सही तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है। जब शरीर में विटामिन ष्ठ की कमी हो जाती है, तो कैल्शियम हड्डियों तक नहीं पहुंच पाता। इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और एड़ी, घुटनों व कमर में दर्द महसूस होता है। लंबे समय तक इसकी कमी रहने पर हड्डियों के टूटने का खतरा भी बढ़ सकता है।

कैल्शियम हड्डियों की मजबूती और संरचना के लिए बेहद जरूरी होता है। अगर शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाए, तो हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और एड़ी में चलने या खड़े होने पर दर्द महसूस होता है। महिलाओं, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं में कैल्शियम की कमी के कारण यह समस्या ज्यादा देखी जाती है।

मैग्नीशियम मांसपेशियों और नसों को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। इसकी कमी होने पर मांसपेशियों में खिंचाव, अकड़न और ऐंठन होने लगती है। इसका असर पैरों और एड़ी पर भी पड़ता है, जिससे एड़ी में दर्द बढ़ सकता है, खासकर सुबह उठते समय या ज्यादा देर चलने के बाद।

अगर आपके पैर बार-बार सूज जाते हैं, तो यह किडनी या लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है। इसके अलावा दिल से जुड़ी समस्याएं, थायराइड का असंतुलन या ज्यादा नमक खाने की आदत भी पैरों में सूजन का कारण बन सकती है। लंबे समय तक सूजन बनी रहे तो डॉक्टर से जांच कराना जरूरी होता है। पैरों पर उभरी हुई हरी या नीली नसें दिखना खराब ब्लड सर्कुलेशन का संकेत हो सकता है। यह समस्या मोटापा, लंबे समय तक खड़े रहने, या विटामिन च और विटामिन ष्ठ की कमी के कारण हो सकती है। इसे वैरिकोज वेन्स की समस्या भी माना जाता है, जिसमें नसों में सूजन आ जाती है।


## दिल तो कश्मीर में ही बसता है, बिग बॉस 19 फेम फरहाना ने अपनी मातृभूमि के लिए जताया अटूट प्रेम



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की रहने वाली फरहाना ने बिग बॉस 19 में शानदार प्रदर्शन किया। फरहाना ने कश्मीर के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। फरहाना का कहना है कि बिग बॉस से निकलने के बाद वे अगर कहीं जाना चाहती थीं तो वह कश्मीर है, क्योंकि यह उनकी मातृभूमि है, जहां से वे जुड़ी हैं और वहीं उनका दिल बसता है। उन्होंने कहा, बिग बॉस से बाहर आने के बाद यह मेरी कश्मीर की पहली यात्रा है। यह अनुभव बहुत अलग और खास है। मैंने कई देशों और राज्यों की सैर की है, लेकिन मैंने अपनी टीम से साफ कह दिया था कि सबसे पहले मुझे कहीं जाना है तो वह मेरा कश्मीर ही होगा। यह मेरी मातृभूमि है, जहां से मैं जुड़ी हूं। अभिनेत्री ने बताया कि वह यह जानना चाहती थीं कि कश्मीर के लोग उन पर काफी गर्व करते हैं या नहीं, क्या वे उनसे प्यार करते हैं या नहीं।

फरहाना ने कहा, मेरी टीम मुझे लगातार बताती रहती थी कि कश्मीर के लोग तुम पर बहुत गर्व करते हैं और साथ ही खूब सपोर्ट भी करते हैं। मैंने जब यह सुना तो मैं हैरान हो गई थी। घर पहुंचकर जब मैंने पूछा कि यहां क्या चल रहा है, तो सबने बताया कि लोग तुम्हें बहुत प्यार और सपोर्ट दे रहे हैं।

इसी के साथ फरहाना ने अपने पुराने अनुभवों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैंने बॉलीवुड में लैला मजनू और नोटबुक जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन तब लोगों ने मुझे उतना पसंद नहीं किया था। शायद इसलिए क्योंकि मैं सिर्फ एक किरदार निभा रही थी, लेकिन इस बार बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में लोगों ने मेरा असली रूप देखा, मेरी सच्ची पहचान जानी, इसलिए उन्होंने मुझे इतना प्यार दिया।



मांग में सिंदूर, हैवी नेकलेस, हाथों में चूड़ा..मैरून गाउन में नई नवेली दुल्हनिया नुपूर का रॉयल लुक,

# पुलओवर को स्टाइलिश तरीके से पहनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

पुलओवर एक ऐसा कपड़ा है, जो न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है। यह कपड़ा पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए आदर्श है। पुलओवर को अलग-अलग तरीकों से पहना जा सकता है ताकि आपका लुक हमेशा खास लगे। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे स्टाइलिंग टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने पुलओवर को अलग-अलग तरीकों से पहन सकते हैं और हर बार नए लुक पा सकते हैं।

**जींस के साथ पुलओवर पहनें**

पुलओवर को जींस के साथ पहनना एक बढ़िया तरीका है। यह मेल न केवल आरामदायक है, बल्कि आपको एक स्मार्ट लुक भी देता है। आप अपने पुलओवर को हल्की या गहरी जींस के साथ पहन सकते हैं। अगर आप चाहें तो ऊपर से एक हल्की जैकेट भी पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा। इस तरह का पहनावा रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत काम आता है और आपको स्टाइलिश दिखाता है।

**स्कर्ट के साथ करें मेल**

अगर आप किसी खास मौके पर जाना चाहते हैं तो अपनी पसंदीदा स्कर्ट के साथ पुलओवर पहनें। यह मेल आपको एक अलग ही अंदाज देता है। आप लंबी स्कर्ट या छोटी



स्कर्ट दोनों के साथ इसे पहन सकते हैं। अगर आपकी स्कर्ट हल्की रंग की है तो गहरे रंग का पुलओवर चुनें और इसके विपरीत भी कर सकते हैं। इसके साथ ही हल्के गहने और प्लेन जूते पहनें ताकि आपका लुक पूरा हो सके।

**छोटे पैंट के साथ दिखें आकर्षक**

गर्मियों में भी आप पुलओवर को छोटे पैंट के साथ पहन सकते हैं। यह आपको ठंडक देने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाएगा। सूती छोटे पैंट के साथ ऊनी या एराकन पुलओवर का मेल बहुत अच्छा लगता है। आप चाहें तो इसे किसी पार्टी या बाहर जाने के लिए भी पहन सकते हैं। इसके साथ हल्के गहने और आरामदायक जूते पहनें ताकि आपका लुक पूरा और आकर्षक लगे। यह पहनावा आपको गर्मियों में भी ठंडक देगा और स्टाइलिश दिखाएगा।

**लेयरिंग का करें इस्तेमाल**

लेयरिंग हमेशा फैशन में रहती है। आप अपने पुलओवर के ऊपर एक हल्की जैकेट या कोट पहन सकते हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगा। इसके अलावा आप चाहें तो नीचे हल्की टी-शर्ट भी पहन सकते हैं, जिससे आपको अतिरिक्त आराम मिलेगा और आपका लुक भी बेहतरीन लगेगा। इस तरह की लेयरिंग आपके पहनावे को न केवल स्टाइलिश बनाती है बल्कि आपको ठंड से भी बचाती है। यह तरीका हर मौसम में उपयुक्त रहता है।

**गहनों से करें पूरा**

पुलओवर को पूरा करने के लिए सही गहनों का चुनाव बहुत जरूरी होता है। एक अच्छी घड़ी या बेल्ट आपके लुक को पूरा कर सकती है। इसके अलावा आप चाहें तो कानों में छोटे झुमके या कंधे पर एक छोटा बैग भी ले जा सकते हैं। इस तरह से आप अपने पुलओवर को विभिन्न तरीकों से पहनकर हर बार नया और खास लुक पा सकते हैं। इन सभी तरीकों से आप अपने फैशन को नया रंग दे सकते हैं।

## आंख मारने वाली वायरल गर्ल प्रिया प्रकाश वरियर का फिर चला जादू, सूट में देसी अंदाज ने जीता दिल

आंख मारकर रातों-रात पूरे देश की नेशनल क्रश बनीं प्रिया प्रकाश वरियर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह उनका कोई ग्लैमरस आउटफिट नहीं, बल्कि उनका खूबसूरत देसी सूट लुक है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। प्रिया ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद सादगी और शालीनता के साथ नजर आ रही हैं।



करीब 7 साल पहले एक म्यूजिक वीडियो में आंख मारने के सीन से फेमस हुईं प्रिया प्रकाश वरियर को आज भी लोग विंक सेंसेशन के नाम से जानते हैं। भले ही वक्त बदल गया हो, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। अब लोग उनके स्टाइल और फैशन सेंस के भी दीवाने हैं।26 साल की प्रिया कभी अपने ग्लैमरस लुक से लोगों को इंप्रेस करती हैं, तो कभी उनका देसी अंदाज सबका दिल जीत लेता है। इस बार उन्होंने ट्रेडिशनल शरारा सेट पहनकर फैंस को दीवाना बना दिया। खास बात यह रही कि उनका यह लुक पोंगल जैसे फेस्टिव मौके के लिए बिल्कुल परफेक्ट नजर आया।

प्रिया ने इस लुक में बनारसी सिल्क ब्रोकेड कुर्ता पहना था, जिसमें कोरल रेड और रानी पिंक रंग का खूबसूरत कॉम्बिनेशन देखने को मिला। कुर्ते पर किया गया गोल्डन जरी वर्क इसे बेहद रॉयल और फेस्टिव लुक दे रहा था। कुर्ता वी-नेक डिजाइन और थ्री-क्वार्टर स्लीव्स के साथ स्ट्रेट फिट पैटर्न में था। इसके साथ उन्होंने हैवी घेर वाला शरारा पहना, जिसमें हल्की अंगूरी लाइनिंग दी गई थी। यह पूरा सेट बहुत एलिगेंट और ग्रेसफुल लग रहा था।

## शब्द सामर्थ्य -289


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

# तमन्ना भाटिया की धांसू फिल्में तैयार, एक में 900 करोड़ी इस हीरोइन के साथ मचाएंगी धमाल

सिनेमा की दुनिया में अपनी अदाकारी, डांस और ग्लैमर से जगह बनाने वाली तमन्ना भाटिया साउथ और बॉलीवुड में अपनी खास जगह बना चुकी हैं। स्त्री 2 के गाने आज की रात से सोशल मीडिया पर तहलका मचाने वाली तमन्ना आने वाले दिनों में अपनी नई फिल्मों और नए किरदारों से दर्शकों को बेहद रोमांचक सफर पर ले जाने वाली हैं। तमन्ना 36 साल की हो गई हैं। एक नजर तमन्ना भाटिया की आने वाली चर्चित फिल्मों पर।

विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही फिल्म ओ रोमियो के हीरो शाहिद कपूर हैं। इसमें तमन्ना बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं। ये पहला मौका होगा, जब तमन्ना को शाहिद कपूर के साथ देखा जाएगा। ओ रोमियो में तमन्ना के साथ 900 करोड़ी एनिमल दे चुकीं तृप्ति डिमरी भी होंगी। विक्रांत मैसी और दिशा पाटनी भी फिल्म का हिस्सा हैं। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। ये फिल्म 13 फरवरी, 2026 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी।

भारतीय सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्देशक वी शांताराम की बायोपिक फिल्म भी तमन्ना के खाते से जुड़ी है, जो उनके करियर की दिशा और दशा दोनों बदलकर रख देगी। सिद्धांत चतुर्वेदी इस फिल्म में वी शांताराम की भूमिका निभा रहे हैं और तमन्ना इसमें शांतारम की पत्नी और अभिनेत्री जयश्री का किरदार निभाएंगी। फिल्म से उनकी पहली शानदार झलक भी सामने आ चुकी है। अभिजीत देशपांडे के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में फरदीन खान भी हैं।

तमन्ना फिल्म रेंजर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन हैं, जो पहले फिल्म हिम्मतवाला में तमन्ना के साथ दिखे थे। मिशन मंगल वाले जगन शक्ति रेंजर का निर्देशन कर रहे हैं। उधर निर्माता एकता कपूर की हॉरर फ्रेंचाइजी रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में अब तमन्ना लीड रोल में होंगी। ये हॉरर-कॉमेडी होगी और तीसरे भाग को इस फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बनाने की योजना है।

एकता की एक और फिल्म वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में भी तमन्ना मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बनी है। ये फिल्म 15 मई, 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी ओर तमन्ना की जॉन अब्राहम के साथ एक फिल्म आ रही है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी ये फिल्म पूर्व पुलिस आयुक्त राकेश मारिया की बायोपिक है, जिसमें तमन्ना, राकेश की पत्नी प्रीति मारिया की भूमिका में दिखेंगी।



# सलका पंचायत की सड़क बनी भ्रष्टाचार का प्रतीक, विभाग और ठेकेदार पर उठे गंभीर सवाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सलका के मेको, सलवा और बस्ती को जोड़ने वाला पहुंच मार्ग आज ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी और आक्रोश का कारण बन गया है। यह मार्ग क्षेत्र का एक व्यस्ततम मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। हाल ही में इस मार्ग पर सड़क निर्माण एवं पेच रिपेयर का कार्य कराया गया, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य को लेकर सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आज तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह सड़क किस विभाग के अंतर्गत आती है। लगभग चार माह पूर्व ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे एक सूचना पटल खड़ा किया गया था, लेकिन उस पर आज तक यह उल्लेख नहीं किया गया कि निर्माण कार्य किस विभाग द्वारा कराया जा रहा है, लागत कितनी है और ठेकेदार कौन है। नियमों के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य में सूचना पटल पर यह जानकारी अंकित करना अनिवार्य है, ताकि आम जनता को पारदर्शिता का भरोसा मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व इस सड़क पर पेच रिपेयर का कार्य किया गया, लेकिन मरम्मत के कुछ ही दिनों के भीतर सड़क उखड़ने लगी है। जगह-जगह से डामर निकल रहा है, जिससे यह आशंका और गहरा गई है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। सड़क की वर्तमान स्थिति को देखकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह कार्य सरगुजा जिले के किसी ठेकेदार द्वारा पेटी कांट्रेक्ट में देकर कराया गया है। वहीं, सड़क पर काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि डामर सरगुजा जिले के राजपुर स्थित मिक्स प्लांट से तैयार कर यहां लाया गया था। जानकारों का कहना है कि सड़क निर्माण के नियमों के अनुसार 50 किलोमीटर के दायरे के भीतर से ही सामग्री तैयार कर उपयोग की जानी चाहिए, ताकि गुणवत्ता बनी रहे और परिवहन लागत भी नियंत्रित रहे। इसके विपरीत 150 से 200 किलोमीटर दूर से सामग्री मंगाकर पेच रिपेयर करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इसे भ्रष्टाचार की चरम सीमा माना जा सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर काम कराया गया है। यदि समय रहते इसकी जांच नहीं हुई, तो यह सड़क आने वाले समय में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस पूरे सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई जा रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस 'भ्रष्टाचार की सड़क' पर कब और क्या कार्रवाई करता है।

### 3 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय घेराव, राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

# पटना साप्ताहिक बाजार में मनरेगा बचाओ संग्राम, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा हमला

**कोरिया बैकुंठपुर।** 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत पटना साप्ताहिक बाजार में आयोजित आमसभा में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज़ उठाई गई। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों, किसानों, श्रमिकों और युवाओं के बीच यह बात प्रमुखता से रखी गई कि भाजपा सरकार की नीतियाँ गरीब, किसान और मेहनतकश वर्ग के खिलाफ लगातार हमलावर होती जा रही हैं।

आमसभा में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि देश के गरीब नागरिकों को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार नए कानूनों और बजट कटौती के जरिए इस अधिकार को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मनरेगा को अधिकार आधारित कानून से हटाकर प्रशासनिक योजना में बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों की आजीविका संकट में है। इसी के विरोध में 3 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने किसानों की स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई गई। बताया गया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान धान बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी और भुगतान व्यवस्था कमजोर होने से किसान कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसके साथ ही साय सरकार द्वारा किसानों का रकबा काटे जाने से खेती पर सीधा असर पड़ा है, जिससे उत्पादन और आय दोनों प्रभावित हो रहे हैं। बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की विफलता को लेकर भी सरकार को घेरा गया। कहा गया कि भाजपा सरकार न तो युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पा रही है और न ही रोजगार के अवसर, जिससे पढ़ा-लिखा युवा हताश और बेरोजगार हो रहा है। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि में बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का मुद्दा भी इस आम सभा में प्रमुखता से उठा। बढ़ी हुई बिजली दरों ने किसानों की सिंचाई लागत और ग्रामीण परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। जल-जंगल-जमीन के सवाल पर भाजपा सरकार पर बड़े उद्योगपतियों, खासकर अदानी समूह, को प्राकृतिक संसाधन सौंपने का आरोप लगाया गया। इससे आदिवासी और ग्रामीण समुदायों का अधिकार छीना जा रहा है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष यवत सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े, वरिष्ठ बंस गोपाल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, विजय सिंह, अनिल जायसवाल विकाश श्रीवास्तव, वसीम अधिवक्ता, परेश सिंह, चांदनी सोनी, रमेश देवांगन, फ़रोग़ सिद्दीकी, सुजीत सोनी, संतोष गोयन, सौरभ सिंह, विजय चक्रधारी, रामकुमार यादव, अज़ीमुल्ला, एवं अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सांसद प्रतिनिधियों को लेकर उठते सवाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में इन दिनों सांसद प्रतिनिधियों की भूमिका और कार्यशैली को लेकर लगातार सवाल उठते जा रहे हैं। कोरबा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद के द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र में ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत, जिला पंचायत तथा पूर्व विधायकों को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उद्देश्य स्पष्ट रूप से संगठन को मजबूत करना और प्रशासनिक कार्यों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ाना बताया जाता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो सांसद द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधियों को अवसर देना एक सराहनीय पहल मानी जा सकती है। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे कुछ अलग दिखाई दे रही है। जिले में स्थिति यह बन गई है कि जहां नजर डालें, वहीं कोई न कोई सांसद प्रतिनिधि दिखाई देता है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत—हर स्तर पर सांसद प्रतिनिधियों की मौजूदगी है। इसके बावजूद क्षेत्र की आम जनता का कहना है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों की शिकायत है कि चाहे सड़क, बिजली, पानी, आवास, पेंशन या अन्य जनहित से जुड़े कार्य हों, कहीं भी ठोस प्रगति नजर नहीं आती। आम आदमी को यह महसूस होने लगा है कि प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ने के बावजूद काम ठप पड़े हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सांसद प्रतिनिधि केवल पद और पहचान तक सीमित रह गए हैं। जनता से संवाद कम होता जा रहा है और समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने में भी गंभीरता नहीं दिखाई दे रही। इससे आमजन में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। कई लोगों का कहना है कि भविष्य में भी हालात सुधरने की कोई स्पष्ट उम्मीद नजर नहीं आ रही है। वहीं, सांसद द्वारा पूर्व विधायकों को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने को लेकर भी कांग्रेस संगठन के भीतर से सवाल उठ रहे हैं। कुछ वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व विधायक अपने आप में एक सशक्त और प्रभावशाली राजनीतिक पद होता है। ऐसे में उन्हें सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने से संगठन के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हुई है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि वर्षों से पार्टी के लिए काम करने वाले लोगों को यदि अवसर नहीं मिलेगा, तो उनका मनोबल टूटना स्वाभाविक है। कांग्रेस के अंदरखाने यह चर्चा भी तेज है कि सांसद प्रतिनिधियों के इर्द-गिर्द ही सारी गतिविधियां सिमटती जा रही हैं। इससे न केवल अन्य कार्यकर्ता बल्कि आम जनमानस भी सांसद से दूरी महसूस करने लगा है। जनता का सीधा संपर्क सांसद तक कम होता जा रहा है, जिसका सीधा असर राजनीतिक विश्वास पर पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस असंतोष को दूर नहीं किया गया, तो आने वाले चुनावों में इसका असर साफ दिखाई दे सकता है। सांसद प्रतिनिधियों की संख्या भले ही अधिक हो, लेकिन यदि उनकी लोकप्रियता और कार्यक्षमता पर सवाल उठते रहे, तो यह स्थिति सांसद और पार्टी दोनों के लिए चुनौती बन सकती है। कुल मिलाकर, कोरिया जिले में सांसद प्रतिनिधियों को लेकर उठ रहे ये सवाल आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं।

# यातायात में सबसे बड़ा जीवन दाता है सावधानी:एसपी

### यातायात, साइबर, नशा मुक्ति, पाक्सो, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, शिक्षा एवं अनुशासन जैसे विषयों पर विद्यार्थी हुए जागरूक

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे गुरुवार को मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय एवं शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल पांडवपारा पहुंचकर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर स्थित है जहां से आप अपने जीवन का मार्ग चुन सकते हैं ऐसे में अत्यंत ही सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है, अपना लक्ष्य निर्धारण करें समय प्रबंधन पर ध्यान दें और अनुशासन में रहते हुए कठिन परिश्रम के बल पर अपने मंजिल को प्राप्त करें। समय अत्यंत मूल्यवान है इसे व्यर्थ न जाने दें बीता हुआ समय वापस नहीं आता है केवल पछतावा शेष रहता है। पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्ति पर व्यापक रूप से जोर देते हुए कहा कि नशा नाश का जड़ है इसे किसी भी रूप में नहीं अपनाना चाहिए और यदि घर में भी कोई इसके शिकार हैं तो उन्हें भी नशा छोड़कर सही मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करें। साथ ही यदि आपकी जानकारी में जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का विक्रय होता है तो पुलिस को सूचित करें आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताए कि वर्तमान समय में व्यापक पैमाने पर लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं जिससे बचने के लिए हर समय जागरूक रहना चाहिए, सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें जिसे न जाने उनसे वार्तालाप ना करें ना ही उनका फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करें, अपना ओटीपी एवं पासवर्ड किसी से साझा ना करें, अननोन लिंक, फर्जी मेल, प्रलोभन देने वाले विज्ञापन, लॉटरी, कूपन के फेर में ना पड़ें। सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित बातों को गंभीरता से अमल करें खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें। सड़क दुर्घटना अत्यंत ही कष्टदायक है जिस पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा नियमों का पालन करें, नाबालिक होने की स्थिति में वाहन चालन ना करें। एसपी श्री कुर्रे ने जल संरक्षण, स्वच्छता, पाक्सो, प्लास्टिक का उपयोग और सही नस्टीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मविश्वास, परिवार के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण, अनुशासन एवं खेल के महत्व के बारे में अत्यंत ही सरल एवं सहज शब्दों में छात्रों को विस्तार से बताए। यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े द्वारा राहगीर योजना एवं गुड सेमेरिटन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। हवलदार महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों, एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, छात्र-छात्राओं व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्रों को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया।यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग, गुड समेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण, दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त संपूर्ण जागरूकता अभियान के दौरान मार्गदर्शन संस्था के संस्थापक निगमेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य श्रीमती अर्पणा सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल पांडवपारा के प्राचार्य पोषण लाल वर्मा, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, हवलदार महेश मिश्रा के साथ विद्यालयीन स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण, अंतिम पात्र/अपात्र सूची जारी

**सूरजपुर।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा नियम 2007 (यथा संशोधित नियम 2012) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला एवं उपखण्ड स्तर के वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं उपखण्ड स्तर पर एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी कर दिनांक 18 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र/अपात्र की प्रारंभिक सूची प्रकाशित कर 21 नवम्बर 2025 को सायं 05:30 बजे तक दावा-आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित कर दी गई है। संबंधित अभ्यर्थी उक्त सूची कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, सूरजपुर के सूचना पटल पर तथा सूरजपुर जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.surajpur.nic.in पर देख सकते हैं।

## अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई, पोल्ट्री फार्म व मंडी गोदाम सील

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस तहसील प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम चंदौरा में प्रदीप जायसवाल के पोल्ट्री फार्म में अवैध रूप से धान का भंडारण पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पोल्ट्री फार्म परिसर से 500 बोरी धान, बाहर खड़े ट्रैक्टर से 130 बोरी धान तथा 28 गट्ठर खाली जूट बोरी बरामद की गई। अवैध भंडारण पाए जाने पर धान जब्त करते हुए पोल्ट्री फार्म को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई में एसडीएम प्रतापपुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही। इसी क्रम में जेडी राइस मिल, शांतिनगर का भी भौतिक सत्यापन किया गया। जांच में मिल परिसर से 2000 बोरी चावल एवं 550 बोरी धान तथा कृषि उपज मंडी समिति गोदाम में 3000 बोरी धान पाया गया। ऑनलाइन स्टॉक की तुलना में 15643 बोरी धान कम पाया गया। गंभीर अनियमितता को देखते हुए गोदाम को सील कर दिया गया तथा भौतिक सत्यापन में प्राप्त चावल एवं धान को जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त विगत रात्रि रामानुजनगर क्षेत्र में अवैध रूप से धान का परिवहन करते पाए जाने पर वाहन सहित लगभग 70 बोरी धान जप्त कर थाना रामानुजनगर में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया।

## 28 से 30 जनवरी सामान्य भविष्य निधि शिविर का किया जा रहा आयोजन

**सूरजपुर।** महालेखाकार, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित लंबित एवं जटिल प्रकरणों के निराकरण हेतु सूरजपुर जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 28, 29 एवं 30 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित होगा। शिविर में उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा, जिनका सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान प्रकरण महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके साथ ही ऋणात्मक शेष वाले प्रकरण, ऐसे कर्मचारी जो सेवानिवृत्त अथवा दिवंगत हो चुके हैं और जिनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष है, तथा वे प्रकरण जिनमें अंतिम भुगतान अब तक प्रस्तुत नहीं हुआ है, शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त, उन कर्मचारियों के मिसिंग क्रेडिट से संबंधित प्रकरणों का भी समाधान किया जाएगा, जिनका सामान्य भविष्य निधि अंशदान उनके जीपीएफ खाते में क्रेडिट नहीं हुआ है।

# ओंकारेश्वर धाम कैलाशपुर में 26वां मकर संक्रांति उत्सव मेला: धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और लोकसंस्कृति का अनुपम संगम

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत कैलाशपुर स्थित पावन ओंकारेश्वर धाम में 15 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति उत्सव मेला श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के वातावरण में भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह मेला विगत 26 वर्षों से निरंतर जनसहयोग से संचालित होता आ रहा है, जिसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आयोजन पूर्णतः धार्मिक एवं सामाजिक भावना पर आधारित है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शासकीय आर्थिक सहायता नहीं ली जाती।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर धाम में आगमन प्रारंभ हो गया। भक्तों ने विधिवत भगवान शिव की पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं सूर्यदेव की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं और इस दिन किया गया दान, स्नान व पूजा विशेष फलदायी होती है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने तिल, गुड़, अनाज एवं वस्त्र का दान भी किया। उत्सव मेले का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा लोकसंस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक परंपराओं का संरक्षण करना है। मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत, कर्मा, सुआ, पंथी एवं अन्य पारंपरिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य भी किया। मेले में सभी वर्गों, जातियों और समुदायों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला। स्वच्छता, सुरक्षा, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन में जनसहयोग की मिसाल देखने को मिली। ओंकारेश्वर धाम मकर संक्रांति उत्सव मेला अब केवल एक धार्मिक आयोजन न रहकर क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। 26 वर्षों की निरंतरता इस बात का प्रमाण है कि जब समाज स्वयं आगे आकर अपनी परंपराओं और आस्थाओं को संजोता है, तो किसी शासकीय सहायता के बिना भी बड़े और सफल आयोजन संभव हो सकते हैं। मेले के समापन पर आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं, कलाकारों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी तरह जनसहयोग से इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। ओंकारेश्वर धाम का यह मकर संक्रांति उत्सव मेला धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और लोकसंस्कृति संरक्षण का जीवंत उदाहरण बनकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इसी प्रकार आयोजन समिति के द्वारा जिला स्तर पर लोक दल के संतोष कुमार, ने अपना प्रोग्राम प्रस्तुत किया वही कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर सिंह, अर्जुन सिंह, दुष्यंत सिंह, डॉ रामेश्वर शर्मा, कमला प्रसाद दुबे, शिवचरण ताजे, अरुणा दुबे, बूढ़ानाथ सोनपाकर, निलेश कुमार पटेल, बृजेश कुमार पटेल, सीताराम, सुभाष गुर्जर, दीपू साउंड वाले, प्रदीप साहू टेंट वाले, तथा जिला लेवल के अधिकारी गण जिला रेशम अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सहित वनस्थली ओंकारेश्वर परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## धान खरीदी में लापरवाही पर कार्रवाई खरीदी प्रभारी निलंबित

**कोरिया बैकुंठपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान गंभीर लापरवाही पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटना, पंजीयन क्रमांक 540 के धान उपार्जन केंद्र में अनियमितताओं के चलते धान खरीदी प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहकारिता एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 15 जनवरी 2026 को उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी धान खरीदी नीति के विपरीत कार्य किए जाने की पुष्टि हुई। जाँच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निलंबन के साथ ही धान खरीदी कार्य की जिम्मेदारी श्रीमती रेखा जायसवाल, लिपिक को सौंपी गई है।उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल समस्त प्रभार ग्रहण कर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपादित करें। निलंबन अवधि के दौरान नरेन्द्र कुमार शर्मा का मुख्यालय कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, कोरिया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में पारदर्शिता और किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी अनियमितताओं पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जप्त धान गायब, नायब तहसीलदार ने एफआईआर के निर्देश दिए



**कोरिया बैकुंठपुर।** पोड़ी-बचरा, तहसील में जप्त किए गए धान के गायब होने का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) द्वारा इस गंभीर प्रकरण में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र प्रेषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बचरा निवासी राकेश कुमार चक्रधारी के दुकान के बगल में स्थित गोदाम में रखे 105 बोरी धान को 04 दिसंबर 2025 को प्रशासन द्वारा जप्त किया गया था। जप्त धान को नियमानुसार गीता प्रजापति, पति राकेश कुमार चक्रधारी के सुपुर्द किया गया था। 09 जनवरी 2026 को प्रशासन द्वारा किए गए औचक भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में जप्त किया गया धान मौके पर नहीं मिला। सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया। इसके पश्चात मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) ने चौकी प्रभारी पोंड़ी (बचरा) को गोदाम मालिक एवं धान के सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

## 29 तक शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** खाद्य विभाग अंतर्गत जिले के शा.उ.मूल्य दुकान आश्रित ग्राम टईया ग्राम पंचायत चंदरपुर में नवीन संचालक नियुक्त किया जा रहा है। इसके लिए आमजनो सहकारी समितियों, वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय नगरीय निकाय को सूचित किया गया है।

# विवेकानंद के अध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचार आज भी प्रासंगिक:सिंह

**मनेद्रगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर एसईसीएल के महा प्रबंधक ( वित्त) ए के सिंह के मुख्य आतिथ्य , में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एसईसीएल का स्वागत पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, महिला जिला प्रभारी बलबीर कौर, वनवासी विकास समिति के अध्यक्ष जगदंबा अग्रवाल आदि ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता महिला बाल विकास परियोजना की युवा पर्यवेक्षक अंजना भगत, वरिष्ठ व्याख्याता नीलम दुबे, पतंजलि योग समिति के युवा योग साधक भैरव केसरवानी ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श एवं मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि -स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्य अतिथि के आसंदी से महाप्रबंधक एसईसीएल ने स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक पक्ष को विस्तार से बताते हुए कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस से उनका मिलन उनके जीवन का निर्णायक मोड़ था गुरु की शिक्षाओं ने उनके भीतर आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना का दीप जलाया,और उन्होंने युवाओं में शक्ति साहस और आत्मविश्वास जगाने का संकल्प लिया। स्वामी विवेकानंद का जीवन संदेश आज भी प्रासंगिक है- उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए -उनका यह उद्देश्य वाक्य युवाओं में आत्मविश्वास ज्ञान एवं दृढ संकल्प की भावना का विकास करता है। कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा-स्वामी विवेकानंद के विचार से ही सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सनातन आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त हुआ है उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों से आत्मसात करके ही भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है! उन्होंने जानकारी देते हुए बताया भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया वे स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। गुलामी के कालखंड में भी राष्ट्र के प्रति जो दायित्व और विश्वास प्रकट किया उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी का है. अपने सार गर्भित और जोशीले वक्तव्य में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व के विभिन्न आध्यात्मिक पक्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन की अल्पायु अवधि में उन्होंने जो महान कार्य किया उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महिला बाल विकास परियोजना जिला एमसीबी की कु अंजना भगत ने कहा कि -स्वामी जी इसलिए महान है क्योंकि उन्होंने पूर्व और पश्चिम धर्म और विज्ञान अतीत और वर्तमान में सामंजस्य स्थापित किया. वे आधुनिक भारत के उन महानतम आध्यात्मिक गुरुओं और विचारको में से थे जिन्होंने न केवल भारतीय संस्कृति का विश्व में मान स्थापित किया बल्कि राष्ट्र के गौरव को भी बढ़ाया. योग एवं आध्यात्मिक से जुड़े भैरव केसरवानी ने स्वामी विवेकानंद के जन्म, उनके योगदान विश्व धर्म महासभा अंधविश्वास एवं भेदभाव के खिलाफ उठाई गए उनके विचार ,युवा शक्ति एवं उनके जीवन दर्शन के विभिन्न पक्षों को रेखांकित किया।

### ग्राम कोडा में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**एमसीबी।** तालुका विधिक सेवा समिति के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम कोडा मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी के नेतृत्व मे थाना झगड़ाखाण्ड अधिकार मित्र अंजनी यादव, अधिकार मित्र अजय विश्वकर्मा थाना मनेद्रगढ़,व उदयभान मिश्रा प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ के सहयोग से संपन्न किया गया।

जिसमें नालसा के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत एनएएलएस द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से डावन योजना (नशे के विरुद्ध जागरूकता), साइबर अपराध ठगी एवं सतर्कता, परिवहन एक्ट, पॉक्सो एक्ट व श्रम विभाग द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर स्कूली छत्र-छात्राओ एवं शिक्षकों का ध्यान केंद्रित व आकर्षित किया गया और सतर्कता महत्व पर प्रकाश डाला गया।



## राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

**कोरबा।** राष्ट्र सेविका समिति, कोरबा विभाग की सेविकाओं का पथ संचलन कार्यक्रम-18 जनवरी को दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर में संपन्न होगा। इसमें कोरबा जिला, जांजगीर चांपा जिला एवं सक्ति जिला की सेविकाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत प्रचार प्रमुख श्रीमती रचना नायडू उपस्थित रहेंगी। बताया गया कि पथ संचलन का शुभारंभ सायं तीन बजे दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर से होगा जो कि घंटाघर कोरबा होते हुए पुन: दशहरा मैदान में आकर समाप्त होगा। राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग ने सभी सेविकाओं से निर्धारित समय में पथ संचलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## चिरमिरी में अधिवेशन कल

**कोरबा।** एचएमएस का अधिवेशन कल चिरमिरी में आयोजित किया गया है, जिसमें गेवरा एरिया से रेशम लाल यादव, एसडी मानिकपुरी, शेखचांद मंसूरी, दीपका गिरजा साहू, उदयन, तरूण राहा, कोरबा एरिया से सुरेंद्र मिश्रा, अजीत पाण्डेय, केंद्रीय कर्मशाला से बीएल खुंटे, राकेश बेंजामिन, दुजराम मिलन, जीएस शाखा कोरबा से सुखदेव जांगड़े सहित अन्य कार्यकर्ता शामी होंगे।

# कोरबावासियों के लिए अभिशाप बन गई फ्लाई ऐश, मुश्किल होती जिंदगी

### सीएसईबी और एनटीपीसी के ऐश डाइक कुप्रबंधन से बिगड़ रहा जनजीवन



**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में गर्मी की शुरुआत अभी ठीक से हुई भी नहीं है, लेकिन तेज हवाओं के चलने से राखड़ बांधों से उड़ने वाली फ्लाई ऐश ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। वातावरण में घुलती यह महीन राख न केवल प्रदूषण बढ़ा रही है, बल्कि स्वास्थ्य और दैनिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है। समय के साथ लोगों की जिंदगी मुश्किल में पढ़ती जा रही है। लोगों को लगने लगा है कि वह अभिशापित जीवन जीने के लिए मजबूर है।

कोरबा जिले में बिजली उत्पादन से जुड़ी प्रमुख इकाइयों सीएसईबी और एनटीपीसी के बड़े क्षमता वाले फ्लाई ऐश डाइक का कुप्रबंधन इस समस्या को और गंभीर बना रहा है। लोतलोता, धनरास और गोढ़ी-पंडरीपानी क्षेत्र में स्थित ऐश डाइक लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं। इन स्थानों पर पर्याप्त पानी का छिड़काव, हरित आवरण और वैज्ञानिक प्रबंधन के अभाव में हल्की तेज हवा भी फ्लाई ऐश को उड़ाकर रिहायशी इलाकों तक पहुँचा दे रही है। तेज हवाओं के संपर्क में आकर उड़ रही फ्लाई ऐश आसपास के गांवों के साथ-साथ कोरबा शहर की आबादी तक फैल रही है। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, त्वचा संबंधी परेशानी और एलर्जी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय ग्रामीणों और शहरवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों और प्रबंधन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नजर नहीं आ रही है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते ऐश डाइक का वैज्ञानिक प्रबंधन नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लाई ऐश डाइक पर नियमित जल छिड़काव, हरित पट्टी का विकास और उड़ान रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि औद्योगिक विकास की कीमत आमजन को अपने स्वास्थ्य से न चुकानी पड़े।



*हमारा घण्टाघर- समय किसी का इंतजार नही करता है। ना पहले, ना अभी , ना कभी। कोरबा के घण्टाघर में समय ठहर सा जाता है। लोगों की यादें एक पल के लिए ताजी हो जाती हैं। नगर निगम ने इस जगह को समय के साथ और खूबसूरत किया है।*

## स्वाद व संस्कृति का तड़का, लोगों पर चला जादू

### ओपन थिएटर में देसी अंदाज को मिली सराहना

**कोरबा।** शहर के ओपन थिएटर में आज देसी स्वाद और लोक-संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक परिप्रेक्ष्य को सामने रखते हुए माई -जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों की महक ने आते ही लोगों को अपनी ओर खींच लिया। देसी पकवानों का स्वाद चखते ही हर चेहरा खिल उठा और लोग छत्तीसगढ़ी स्वाद की सराहना करते नजर आए।

विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व त्यौहार के दौरान बनाए जाने वाले पारंपरिक व्यंजन यहां पर महिला समूह के द्वारा प्रस्तुत किए गए। इनके स्वाद को लेकर लोगों में अजीब दीवानगी दिखी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय खेलों से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलों ने जहां प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया, वहीं आपसी मेलजोल और पारिवारिक माहौल ने आयोजन को खास बना दिया। बताया गया कि दोपहर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा पर आधारित नृत्य व गीतों की प्रस्तुति होंगी। लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों को देखने के लिए लोग काफी उतावले हैं । आयोजन के शुभारंभ पर लोगों की भारी उपस्थिति यह बताने के लिए काफी रही कि समाज को जोड़ने और संस्कृति से जोड़ने के लिए देसी तड़का आज भी सबसे प्रभावी माध्यम है।

# पहला सुख निरोगी काया : सुबह की सैर करने वालों की संख्या बढ़ी

**स्थानीय संवाददाता**

**कोरबा।** अनियमित दिनचर्या और बदलती जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों में अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी देखने को मिल रही है। पहला सुख- निरोगी काया, की कहावत को आत्मसात करते हुए औद्योगिक नगर कोरबा सहित आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों में सुबह की सैर करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोग अब सुबह की सैर को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

### सड़क से लेकर उद्यानों तक दिख रही चहल-पहल



ठंड का असर बढ़ने और तापमान में गिरावट के बावजूद कोरबा शहर में सुबह 5 बजे से पहले ही लोगों की आवाजाही शुरू हो जाती है। मुख्य मार्गों पर विशेषकर ट्रांसपोर्ट नगर, सीतामढ़ी, कोसाबाड़ी और निहारिका क्षेत्र की सड़कों पर सुबह-सुबह टहलते लोग यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि शहरवासी अपने स्वास्थ्य को लेकर अब कहीं अधिक गंभीर हो चुके हैं। इसके अलावा वन विभाग द्वारा विकसित अशोक वाटिका, नगर निगम तथा सीएसईबी के उद्यानों में भी सुबह की सैर करने वालों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। विभिन्न वार्डों में विकसित किए गए छोटे-बड़े उद्यानों में भी लोगों की पहुंच पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है, जिससे इन स्थानों में सुबह के समय जीवंत माहौल नजर आता है। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोगों का कहना है कि चाहे बजट कैसा भी हो, हर व्यक्ति यही चाहता है कि वह अनावश्यक दवाइयों पर खर्च करने से बचे। सुबह की ताज़ी और शुद्ध हवा में टहलने से शरीर में स्फूर्ति आती है, मन प्रसन्न रहता है और ऑक्सीजन से जुड़ी कई समस्याओं में भी राहत मिलती है। लोगों का मानना है कि यदि यह छोटी-सी कोशिश उन्हें बीमारियों से दूर रख सकती है, तो इसे केवल ठंड के मौसम तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि सालभर नियमित रूप से अपनाना चाहिए। कुल मिलाकर कोरबा में बढ़ती यह स्वास्थ्य जागरूकता एक सकारात्मक संकेत है, जो आने वाले समय में स्वस्थ समाज की दिशा में मजबूत कदम साबित हो सकती है।

## प्रशासन की सख्ती के बावजूद जिले में रेत की तस्करी जारी

**कोरबा।** एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना द्वारा शनिवार को जुराली घाट क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की कार्रवाई के दौरान 6-7 ट्रैक्टरों को मौके पर रेत उत्खनन करते देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम द्वारा तत्काल राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर जप्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त टीम के पहुंचते ही अधिकांश ट्रैक्टर चालक मौके से भागने का प्रयास करने लगे। इसके बावजूद एसडीएम श्री खन्ना स्वयं नदी पार कर दूसरे छोर में उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर तक पहुंचे और उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। उक्त वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 बी यू 6784 मौके पर 1 ट्रिप रेत छोड़कर भाग गया, जिसे जप्त कर थाना कटघोरा में सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त, अन्य ट्रैक्टर चालक भी भागने की कोशिश में अपने मोबाइल फोन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इन मोबाइल फोन के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है।

**मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बनी लिखित सहमति**

# एसईसीएल भिलाईखुर्द के भू-विस्थापितों को प्रति परिवार बसाहट के लिए देगा 6.78 लाख



**कोरबा।** एसईसीएल विश्राम गृह, कोरबा में नगर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में एसईसीएल मानिकपुर खदान के ग्राम भिलाईखुर्द के भूविस्थापितों, एसईसीएल के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बैठक हुई।

इस बैठक में मंत्री लखन लाल देवांगन ने एसईसीएल के अधिकारियों को दो टूक कहा कि 50 वर्ष पूर्व खदान के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया था। तब ज़मीन का मुवाअजा दिया जा चुका था, लेकिन इतने वर्षों बाद आज ज़मीन खाली करवाई जा रही है। भू विस्थापितों को मकानों का मुआवजा और बसाहट व शिफ्टिंग का उचित मुआवजा दिए किसी भी तरह से जमीन खाली करवाना गलत है। मंत्री श्री देवांगन के बैठक में भू विस्थापितों की मांग को मजबूती से रखते हुए कहा की इतने वर्षों में एक-एक जमीन धारक के एक से अधिक परिवार हो चुके हैं, आज की स्थिति में सिर्फ एक ज़मीन धारक के बजाए एक एक परिवार के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने कहा की देश की ऊर्जा के लिए कोयला अतिमहत्वपूर्ण हैं, लेकिन भू विस्थापितों को साथ में लेकर खदानों का विस्तार करना होगा।

मंत्री श्री देवांगन के निर्देश के बाद एसईसीएल के अधिकारियों ने बैठक में ही तीन निर्णय पर घोषणा की गई। सभी परिवारों के मकान, परसम्पति की गणना कर मुआवजा दिया जाएगा। विस्थापन हेतु 6.78 लाख प्रति परिवार को देने की घोषणा की गई। साथ ही मानिकपुर खदान के आउटसोर्सिंग कंपनियों में भू विस्थापितों को रोजगार देने पर सहमति मनी। इस निर्णय का ग्राम भिलाईखुर्द के सभी भू विस्थापितों ने स्वागत करते हुए अपनी सहमति देते हुए मंत्री श्री देवांगन का आभार जताया। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी परिवारों की बारीकी से गणनाकर जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देशित किया। बैठक में मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर मुआवजा के साथ-साथ भू विस्थापितों को ठेके कंपनियों में भूविस्थापितों को प्राथमिकता देने पर भी सहमति बनी।

# दक्ष प्रजापति महोत्सव की आयोजन में बनी समाज की कार्यकारिणी

### राजकुमार अध्यक्ष, सौरभ उपाध्यक्ष नियुक्त



**कोरबा।** जिले के ग्राम जर्वे में अखिल भारतीय कुंभकार प्रजापति महासंघ के तत्वावधान में राजा दक्ष प्रजापति महोत्सव एवं चक्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोरबा सहित विभिन्न जिलों से कुंभकार समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) श्री शंभूनाथ चक्रधारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वसम्मति से राजकुमार प्रजापति बांधापाली को जिला कोरबा अध्यक्ष तथा सौरभ प्रजापति पसान को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कुंभकार समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले बंधुओं को अखिल भारतीय कुंभकार महासंघ कोरबा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पसरखेत में ग्रामीण के घर की खिड़की व दरवाजा को तोड़ा दंतैल ने

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा में दंतैल हाथी का आतंक जारी है। बीती रात दंतैल ने पसरखेत गांव में एक ग्रामीण के घर की खिड़की व दरवाजा को तोड़ने के बाद कुदमुरा क्षेत्र पहुंच गया और वहां के जंगल में डेरा डाल दिया है।

## 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर की जायेगी पूजा

**कोरबा।** कोरबा की पावन धरा पर एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और जनकल्याण का भव्य संगम देखने को मिलेगा, जनकल्याण और आध्यात्मिक उन्नयन के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन-अभिषेक का विराट आयोजन किया जा रहा है। यह पावन अनुष्ठान श्री संवत 2082, माघ मास, शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी अर्थात महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर संपन्न होगा। आयोजन के तहत 30 जनवरी को पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाएगा, जबकि 31 को विधिवत पूजन, अभिषेक, हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम दुर्गा पंडाल, सिंचाई कॉलोनी, आईटीआई रामपुर, कोरबा में आयोजित किया जाएगा। इस पावन आयोजन का आचार्यत्व ज्योतिष आचार्य प्रदीप महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार भगवान भोलेनाथ की विधि-पूर्वक आराधना से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा कालसर्प दोष, पितृ दोष और अकाल मृत्यु जैसे कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## फुलझर में कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**कोरबा।** कोरबा जिले के विकासखंड कटघोरा अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलझर-देवगांव में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष 2026 में भी दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 और 20 जनवरी को संपन्न होगी। आयोजन समिति के पूर्वजों में स्वर्गीय रेशमबाई, बुद्धेश्वर, दर्शनसिंह, हरपाल कमरों की पावन स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता मैं क्षेत्र की विभिन्न कबड्डी टीमों के भाग लेने की संभावना है, जिसमें खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी ग्रामीण जनो एवं कबड्डी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की गई है। प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी व पंजीयन हेतु 78030-29116 एवं 79999-93634 मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। यह आयोजन केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दिवंगत ग्रामीण जनों की स्मृति को सम्मान पूर्वक जीवंत रखने का भी एक सराहनीय प्रयास होगा इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ स्थान आने वाली टीमों को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## भयभीत कर लूटपाट आरोपी को दबोचा पुलिस ने

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में रात के अंधेरे में ट्रक चालक से चाकू की नोक पर 8 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटने वाले दो स्कूटी सवार आरोपियों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक नाबालिग और दूसरा बालिग है। पीड़ित चालक ने वाहन पार्क कर नीचे उतरते ही हमले का शिकार हो गया था। शिकायत पर कुसमुंडा पुलिस ने फौरन कार्रवाई की और आरोपियों से 5200 रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

## सफलता के मार्ग पर बढ़ने के लिए मन व शरीर की एकाग्रता आवश्यक : स्वामी विभूदानंद

**कोरबा।** 'पढ़ाई हो या काम, अपना पूरा प्रयास देने के लिए मन व शरीर दोनों में सामंजस्य और एकाग्रता होना चाहिए। इसके लिए तन और मन, दोनों की प्रसन्नता जरूरी है। आर्ट ऑफ लिविंग हमें जीवन जीने की यही कला सिखाता है।

उक्त कथन कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग की कार्यशाला को संबोधित करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलुरु के स्वामी विभूदानंद ने कहीं। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता, अग्रसेन महाविद्यालय शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती कुलदीप भी उपस्थित रहे। उन्होंने कमला नेहरू महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि शैक्षणिक या पाठ्यक्रम के अलावा महाविद्यालय में समय-समय पर इस तरह की अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल यही है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने मन, मस्तिष्क और व्यक्तित्व को बेहतर स्तर पर ले जाने सहायता की जा सके।

**आवश्यकता है**

रिसेप्शनिष्ट की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता।

संपर्क करें

डॉ. आर.के.अग्रवाल

पता : एचआईजी-4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड, घोड़ा चौक बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मो. नं.-9203907928,9826389894

# गणतंत्र की शान में गाएंगे गीत, मैराथन 25 को

### कटघोरा में प्रशासन और पुलिस की पहल पर बड़ा कार्यक्रम

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व, 25 जनवरी 2026 को कटघोरा नगर में रन फॉर रिपब्लिक मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

मैराथन कटघोरा के मुख्य चौराहा स्थित शहीद वीर नारायण चौक के रैन बसेरा प्रांगण से प्रारंभ होकर लखनपुर मोड़ तक जाएगी, जहां प्रतिभागियों को टोकन प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिभागी पुन: वापस कटघोरा चौक पर मैराथन का समापन करेंगे। मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। विजेताओं का सम्मान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किया जाएगा।26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर संध्या समय 'एक शाम शहीदों के नाम भव्य मंचीय एवं संगीतमय कार्यक्रम मुख्य चौराहा स्थित रैन बसेरा प्रांगण में होगा। इस आयोजन में अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रतियोगिता में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय कलाकार भाग ले सकेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश के वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना तथा आमजन में राष्ट्रीय भावना का संचार करना है। आयोजन को सफल बनाने हेतु सब डिविजनल ऑफीसर तन्मय खन्ना एवं थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में भाग लेकर देशभक्ति और एकता के इस उत्सव को सफल बनाएं।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com